शुक्रवार, 21 मार्च 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 33 – 22 |
| आर्द्रता | 70% |
| सूर्योदयः 5:41 | सूर्यास्तः 17:48 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष सप्तमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : हमेशा उनकी तलाश कीजिये जो आंसूओं का हिस्सेदार बने।




विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन करने का मतलब देशद्रोह की नींव पुख्ता करना है: योगी आदित्यनाथ –पृष्ठ 7


**RED-X**

B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS

'X' Factor that Makes A Difference

Stockist :

GULAB CHAND LAL CHAND& Co.

9831114555

9874415555


# मेरे खिलाफ विदेशों में ईमेल भेजने वाले गणशत्रु : ममता



- मुख्यमंत्री ने अपने अनुपस्थिति में प्रशासनिक कार्य देखने को गठित किया टास्क फोर्स
- कल लंदन के लिए होंगी रवाना

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कल लंदन जा रही हैं। उनको आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम में बुलाया गया है। इसके बाद वह वहां कई और अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगी। अपनी लंदन यात्रा के बारे में ममता बनर्जी ने कहा है कि उनके नहीं रहने पर मंत्रालय में मंत्री व प्रशासनिक अधिकारी कार्य देखेंगे। इसके लिए उन्होंने ने एक टास्क फोर्स भी गठित कर दिया है, जिसमें भूमि विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विवेक कुमार, वित्त सचिव प्रभात मिश्रा, गृह सचिव नंदिनी चक्रवर्ती, डीजीपी राजीव कुमार और कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा शामिल हैं। ममता ने समन्वय की जिम्मेदारी पांच मंत्रियों चंद्रिमा भट्टाचार्य, शशि पांजा, सुजीत बसु, अरूप बिश्वास और फिरहाद हकीम की दो गी। गुरुवार को नबान्न में एक संवाददाता सम्मेलन में ममता ने कहा कि अगर कुछ भी होगा तो यह टास्क फोर्स उनसे बात करने के बाद काम करेगी। ममता ने कहा कि जब हमारे देश के नेता बाहर जाते हैं तो हम लोग उनके खिलाफ कुछ नहीं कहते, लेकिन यहां पर कुछ ऐसे लोग हैं जो हमारे खिलाफ वाट्सऐप और ईमेल पर दुष्प्रचार करते हैं। कुछ लोग लंदन यात्रा के दौरान गलत बातें फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे लोग कुछ झूठी बातें बनाकर उसे वाट्सऐप ग्रुप में भेज रहे हैं। वे ईमेल भेज रहे हैं। वे बंगाल को अपमानित करने की कोशिश कर रहे हैं। कृपया मुझे अपमानित करें, बंगाल को नहीं। हमें कुछ ईमेल और कुछ वाट्सऐप मिले हैं। ममता ने कहा कि वे हमें बदनाम करना चाहते हैं। ईर्ष्या की कोई दवा नहीं है। मेरे खिलाफ विदेशों में जो भी ईमेल भेज रहे हैं, वे गणशत्रु हैं। मार्क्सवादी, अति वामपंथी और सांप्रदायिक पार्टी जो देश को बांटना चाहती है, उनमें कोई अंतर नहीं है। ममता ने कहा कि 22 को वह लंदन के लिए रवाना होंगी,24 को वहां भारतीय उच्चायोग में एक समारोह है, 25 को व्यापार सम्मेलन,26 को उद्योग पर एक सरकारी स्तर की बैठक होगी, 27 को आक्सफोर्ड में एक भाषण देना और मैं 28 को लंदन से अपने देश के लिए रवाना हो जाउंगी।

### पीएम ने कहा था कि विदेश जाना चाहिए

ममता ने कहा कि नीति आयोग के कार्यक्रम में एक बार पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि विदेश जाना चाहिए, इससे निवेश आता है। मगर कई बार बाहर जाने के पहले हमें क्लियरेंस नहीं देते हैं, मैं नहीं भी ले सकती थी लेकिन मैं हमेशा क्लियरेंस लेती हूं। मैं आशा करूंगी कि जब हमारे देश के नेता बाहर जाते हैं, तो हम लोग उनके खिलाफ कुछ नहीं कहते, लेकिन यहां पर कुछ ऐसे लोग हैं जो हमारे खिलाफ वाट्सऐप और ईमेल पर दुष्प्रचार करते हैं।

### ममता ने नागपुर में हुई हिंसा की निंदा की


साथ ही, गुरुवार को ममता ने महाराष्ट्र के नागपुर में हुई हिंसा की निंदा की और कहा कि भारत विविधता में एकता के लिए जाना जाता है। राज्य सचिवालय में पत्रकारों से बात करते हुए, सीएम ने इस मुद्दे पर ज्यादा कुछ बोलने से परहेज किया और कहा कि मैं इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहती। लेकिन हम इस हिंसा की निंदा करते हैं।

## शेयर बाजार में चार दिन की तेजी में निवेशकों की संपत्ति 17.43 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नयी दिल्ली :** शेयर बाजारों में चार दिन की जोरदार तेजी के बीच बाजार निवेशकों की संपत्ति 17.43 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई है। इस दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला संसेक्स तीन प्रतिशत से अधिक चढ़ा है। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 899.01 अंक उछलकर 76,348.06 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 1,007.2 अंक बढ़कर 76,456.25 अंक पर पहुंचा था। चार दिन में सेंसेक्स 2,519.15 अंक चढ़ा है। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) चार दिन में 17,43,418.8 करोड़ रुपये बढ़कर 4,08,61,851.73 करोड़ रुपये (4,730 अरब अमेरिकी डॉलर) हो गया। सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, नेस्ले, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और टाटा मोटर्स सबसे ज्यादा लाभ में रहीं।

# छत्तीसगढ़ : सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 30 नक्सली ढेर, एक जवान शहीद

### सुरक्षाबलों की बड़ी सफलता, अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सल- मुक्त होने वाला हैः शाह



**बीजापुर/कांकेर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 30 नक्सली मारे गए। इस दौरान एक जवान की भी मृत्यु हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में तथा कांकेर जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 30 नक्सलियों को मार गिराया। उन्होंने कहा कि बीजापुर जिले में 26 नक्सली मारे गए और एक जवान की भी मृत्यु हो गई, जबकि कांकेर जिले में चार अन्य नक्सली मारे गए। बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अण्ड्री गांव के जंगल में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर नक्सल विरोधी अभियान में बीजापुर जिला रिजर्व गार्ड (डीअ-रजी), बस्तर फाइटर, एसटीएफ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों को रवाना किया गया था। यादव ने बताया कि अभियान के दौरान आज सुबह लगभग सात बजे से सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई, जो शाम तक रूक-रूक कर चलती रही। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ समाप्त होने के बाद जब सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल की तलाशी ली तब वहां से 26 वर्दीधारी माओवादियों का शव, बड़ी संख्या में एके 47 राइफल, इंसास राइफल, .303 राइफल, रॉकेट लांचर, बैरल ग्रेनेड लांचर और भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया। अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ में बीजापुर डीआरजी के जवान राजू ओयम की भी मौत हो गई। कांकेर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला ने बताया कि आज कांकेर और नारायणपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी कांकेर, बस्तर फाईटर्स और सीमा सुरक्षाबल के जवानों को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। एलेसेला ने बताया कि अभियान के दौरान छोटेबिटिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिनागुंडा, कुरूषकोड़ो और पांगुर गांव के मध्य जंगल पहाड़ में पुलिस दल और माओवादियों के बीच सुबह लगभग आठ बजे से मुठभेड़ शुरू हुई, जो शाम तक रूक-रूक कर चलती रही। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के बाद घटना स्थल की तलाशी के दौरान चार माओवादियों का शव और स्वाचालित हथियार तथा अन्य सामान बरामद किया गया। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की पहचान के प्रयास जारी हैं। दंतेवाड़ा रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप ने बताया कि मुठभेड़ में और अधिक नक्सलियों के घायल या मारे जाने की संभावना को देखते हुए आस पास के क्षेत्र में खोज अभियान जारी है।

## मास्टरमाइंड फहीम समेत 6 लोगों पर देशद्रोह का मामला दर्ज

### धीरे-धीरे दी जा रही कर्फ्यू में ढील



**नागपुर :** नागपुर में सांप्रदायिक झड़पों के बाद महाराष्ट्र पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। हिंसा के कथित मास्टरमाइंड फहीम खान सहित 6 आरोपियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर गलत सूचना देकर अशांति फैलाने के आरोप में देशद्रोह का मामला दर्ज किया है। पुलिस उपायुक्त लोहित मतानी ने बताया कि मामले की तफ्तीश के दौरान कई अन्य लोगों के खिलाफ भी देशद्रोह की धाराएं लगाई जा सकती हैं। नागपुर पुलिस ने हिंसाग्रस्त क्षेत्र में शांति स्थापित होने के बाद चरणबद्ध तरीके से कर्फ्यू में ढील देना शुरू किया है। नागपुर के पुलिस आयुक्त डॉ. रविंदर सिंघल ने कहा, हम स्थिति का अध्ययन कर रहे हैं और निर्णय ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि नागपुर हिंसा मामले में अब तक 91 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 80 वयस्क और 11 नाबालिग शामिल हैं। आयुक्त सिंघल ने बताया कि नंदनवन और कपिल नगर पुलिस थाना क्षेत्रों में लगाया गया कर्फ्यू पूरी तरह हटा लिया गया है, जबकि लकड़गंज, पंचपावली, शांति नगर, सक्करदरा और इमामवाड़ा क्षेत्रों में दो घंटे की छूट के साथ कर्फ्यू में ढील दी गई है। हालांकि, कोतवाली, तहसील और गणेश पेठ पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इलाकों में कर्फ्यू पूरी तरह लागू रहेगा।

## भारत के साथ काफी अच्छे संबंध, समस्या सिर्फ उसका ऊंचा शुल्क : ट्रंप



**न्यूयॉर्क/ वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत के साथ 'बहुत अच्छे संबंध' होने के बावजूद 'एकमात्र समस्या' यह है कि भारत दुनिया में सबसे अधिक सीमा शुल्क लगाने वाले देशों में से एक है। इसके साथ ही ट्रंप ने दो अप्रैल से भारत से होने वाले आयात पर जवाबी सीमा शुल्क लगाने की अपनी धमकी भी दोहराई। ट्रंप ने अमेरिकी समाचार वेबसाइट 'ब्रेइटबार्ट न्यूज' के साथ साक्षात्कार में भारत के साथ अमेरिका के संबंधों पर चर्चा के दौरान यह बात कही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ पिछले महीने हुई शिखर वार्ता के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा, ''भारत के साथ मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं, लेकिन भारत के साथ मेरी एकमात्र समस्या यह है कि वह दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक हैं।'' इसके साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ''मेरा मानना है कि वे संभवतः उन शुल्कों में काफी हद तक कटौती करने जा रहे हैं। हालांकि, दो अप्रैल को हम उनसे वही शुल्क वसूलेंगे जो वे हमसे वसूलते हैं।'' ट्रंप ने भारत की तरफ से अमेरिकी उत्पादों पर लगाए गए उच्च शुल्क की बार-बार आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि भारत बहुत अधिक शुल्क लगाने वाला देश है। वह अतीत में भी भारत को 'टैरिफ किंग' करार दे चुके हैं। पिछले महीने व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री मोदी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान भी ट्रंप ने कहा था कि भारत सीमा शुल्क के मामले में बहुत सख्त रहा है। ट्रंप ने मार्च की शुरुआत में कहा था कि भारत अपने शुल्क में ''काफी कटौती'' करने पर सहमत हो गया है। हालांकि, वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने 10 मार्च को एक संसदीय समिति को बताया था कि इस बारे में बातचीत अभी जारी है और भारत एवं अमेरिका के बीच व्यापार शुल्क पर अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है। ट्रंप ने भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप-आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के बारे में कहा कि यह ''अद्भुत देशों का समूह है जो व्यापार में हमें नुकसान पहुंचाने वाले दूसरे देशों का मुकाबला करने के लिए एक साथ आ रहे हैं।'' ट्रंप ने कहा, ''हमारे पास व्यापार में साझेदारों का एक शक्तिशाली समूह है। हालांकि, हम उन साझेदारों को बुरा व्यवहार करने की अनुमति नहीं दे सकते लेकिन हम अपने दुश्मनों के साथ कई मायनों में अपने दोस्तों की तुलना में कहीं बेहतर बर्ताव करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''यह अद्भुत देशों का एक समूह है जो उन देशों का मुकाबला कर रहा है जो व्यापार में हमें नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं।''

## वैश्विक प्रसन्नता सूचकांक: भारत 118वें, अफगानिस्तान अंतिम स्थान पर



**लंदन :** भारत बृहस्पतिवार को प्रकाशित 'वैश्विक प्रसन्नता रिपोर्ट 2025' में 118वें स्थान पर रहा, जबकि पिछले वर्ष वह 126वें स्थान पर था। हालांकि, इस वैश्विक प्रसन्नता (वर्ल्ड हैप्पीनेस) रिपोर्ट में उसका स्थान नेपाल, पाकिस्तान, यूक्रेन और फलस्तीन जैसे देशों से नीचे है। यह रिपोर्ट प्रत्येक वर्ष 20 मार्च को मनाये जाने वाले अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस के अवसर पर जारी की जाती है। रिपोर्ट में फिनलैंड को लगातार आठवें वर्ष विश्व का सबसे खुशहाल देश बताया गया है तथा उत्तरी यूरोप के अन्य देश डेनमार्क, आइसलैंड और स्वीडन शीर्ष चार में बने हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क 'गैलप' के साथ साझेदारी में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के 'वेलबीइंग रिसर्च सेंटर' द्वारा प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट में तीन परोपकारी कार्यों – दान, स्वयंसेवा और अजनबियों की मदद करने – के लिए देश की रैंकिंग सांस्कृतिक और संस्थागत अंतर के आधार पर अलग-अलग होती है। 'परोपकार के छह मानदंडों के लिए देशों की रैंकिंग' के संदर्भ में भारत 118वें स्थान पर है, जबकि (लोगों द्वारा) दान देने के मामले में यह 57वें स्थान पर है, लोगों द्वारा स्वेच्छा से अंशदान करने के मामले में 10वें स्थान पर है, अजनबियों की मदद करने के मामले में यह 74वें स्थान पर है तथा किसी पड़ोसी द्वारा बटुआ लौटाने के मामले में 115वें स्थान पर है। वहीं, अजनबी द्वारा बटुआ लौटाने के मामले में 86वें तथा पुलिस द्वारा बटुआ लौटाने के मामले में 93वें स्थान पर है। भारत के पड़ोसी देश अफगानिस्तान को फिर से दुनिया का सबसे दुखी देश माना गया है, पिछले साल के 143वें स्थान (अंतिम) के मुकाबले इस साल वह 147वें स्थान पर है।

### कुछ राज्यों के साथ रॉयल्टी, कर बकाया की वसूली के मामले को सुलझाने के प्रयास जारी: केंद्र

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि वह अपने और कई खनिज संपन्न राज्यों के बीच खनिज युक्त भूमि एवं खनिज अधिकारों पर रॉयल्टी और कर बकाया की वसूली के मुद्दे को सुलझाने का प्रयास कर रहा है। इस बीच, शीर्ष अदालत ने झारखंड जैसे कई खनिज संपन्न राज्यों की उन याचिकाओं पर सुनवाई 24 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी जो केंद्र और खनन कंपनियों से खनिज अधिकारों और खनिज संपन्न भूमि पर रॉयल्टी और कर बकाया वसूलने से जुड़ी हैं। न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने कहा कि वह कई खनिज संपन्न राज्यों की याचिकाओं पर सुनवाई के क्रम को लेकर फैसला करेगी। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इस मुद्दे का समाधान खोजने के प्रयास जारी हैं और याचिकाओं को मई के पहले सप्ताह में सूचीबद्ध किया जा सकता है।

## भारत ने 54 हजार करोड़ रुपये के सैन्य साजो सामान की खरीद को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** भारत ने बृहस्पतिवार को 54,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सैन्य साजो सामान की खरीद को मंजूरी दी। इसमें हवाई हमला चेतावनी और नियंत्रण विमान प्रणाली, टॉरपीडो और टी-90 टैंकों के लिए इंजन शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि एक महत्वपूर्ण कदम के तहत रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने पूंजी अधिग्रहण प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में समय सीमा को कम करने के लिए दिशानिर्देशों को भी मंजूरी दी है, ताकि इसे ''अधिक तेज, अधिक प्रभावी और कुशल'' बनाया जा सके। ''अधिक प्रभावी'' खरीद प्रक्रिया संबंधी निर्णय 2025 को ''सुधार वर्ष'' के रूप में मनाने की रक्षा मंत्रालय की पहल के अनुरूप है। मंत्रालय ने बताया कि खरीद प्रस्तावों को मंजूरी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में डीएसी की हुई बैठक में दी गई। मंत्रालय के मुताबिक डीएसी ने 54,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के आठ पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों को प्रारंभिक मंजूरी प्रदान की। मंत्रालय के मुताबिक भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के लिए एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (एईडब्लूएंडसी) एयरक्राफ्ट सिस्टम की खरीद पर डीएसी ने अपनी मुहर लगा दी है। एईडब्लूएंडसी प्रणालियां वायुसेना की क्षमता में विस्तार करेंगी। यह युद्ध के सम्पूर्ण परिदृश्य को बदल सकती हैं तथा विभिन्न हथियार प्रणालियों की युद्ध क्षमता को तेजी से बढ़ा सकती हैं। मंत्रालय ने कहा कि डीएसी ने टी-90 युद्धक टैंकों को उन्नत करने के लिए 1,350 एचपी इंजन खरीदने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। बयान के मुताबिक इससे इन टैंक की युद्धक्षेत्र गतिशीलता बढ़ेगी, विशेष रूप से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में, क्योंकि इससे शक्ति-भार अनुपात में वृद्धि होगी। मंत्रालय ने कहा, ''भारतीय सेना के लिए, टी-90 टैंकों के लिए वर्तमान 1,000 एचपी इंजन को उन्नत करने के वास्ते 1,350 एचपी इंजन की खरीद हेतु प्रारंभिक मंजूरी दी गई।'' बयान के मुताबिक डीएसी ने भारतीय नौसेना के लिए वरुणास्त्र टॉरपीडो की खरीद के एक अन्य प्रस्ताव पर भी अपनी मुहर लगा दी है। रक्षा मंत्रालय ने बताया, '' भारतीय नौसेना के लिए वरुणास्त्र टॉरपीडो (लड़ाकू) की खरीद के लिए प्रारंभिक मंजूरी डीएसी द्वारा दी गई है। वरुणास्त्र टॉरपीडो नौसेना विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला द्वारा विकसित एक स्वदेशी जहाज से प्रक्षेपित पनडुब्बी रोधी टॉरपीडो है।''

# शंभू बॉर्डर पर यातायात बहाल, खनौरी में रास्ता खोलने की तैयारी

### आक्रोशित किसानों ने किया प्रदर्शन



**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारी किसानों को हिरासत में लेने और विरोध स्थल पर उनकी ओर से बनाए गए अस्थायी ढांचों को ध्वस्त करने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को शंभू-अंबाला राजमार्ग पर यातायात एक साल से अधिक समय बाद फिर शुरू हो गया। वहीं हरियाणा पुलिस द्वारा सड़क पर से अवरोधक हटाने के साथ खनौरी बॉर्डर से भी आवाजाही शुरू होने वाली है। प्रशासन द्वारा सड़क पर से अवरोधक हटाने का काम जारी रहा, जबकि नाराज किसानों ने बुधवार शाम प्रदर्शनकारियों पर की गई कार्रवाई के खिलाफ मोगा, तरनतारन, मुक्तसर और फरीदकोट सहित पंजाब में कई स्थानों पर प्रदर्शन किया। मोगा में जिला उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करने जा रहे किसानों की पुलिसकर्मियों के साथ झड़प भी हुई। प्रदर्शनकारियों में महिलाएं भी शामिल थीं। इस बीच, दिल्ली में जारी एक बयान में आम आदमी पार्टी (आप) ने किसानों के प्रति अपना समर्थन दोहराया, लेकिन पंजाब की अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए प्रमुख सड़कों को यातायात के लिए खोलने की तत्काल आवश्यकता को भी रेखांकित किया।




## भारतीय प्रतिभाओं के सपनों को संबल

आखिरकार नासा की बहुचर्चित अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स अपने सहयोगी बुच विलमोर के साथ सकुशल पृथ्वी पर आ ही गई। अमेरिका ही नहीं भारत में करोड़ों लोग उनकी फिक्र कर रहे थे। दरअसल, आठ दिन के मिशन के लिये बीते साल 6 जून को स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट के जरिये वे अमेरिका के स्पेस स्टेशन पहुंचे थे, लेकिन स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी खामी आने के कारण उनकी वापसी नौ महीने तक टलती रही। जिसको लेकर भारत व अमेरिका समेत पूरी दुनिया में चिंता व्यक्त की जाती रही है। देर आए दुरुस्त आए, इस देरी से सुनीता दुनिया में सबसे अधिक समय तक अंतरिक्ष में रहने वाली महिला का रिकॉर्ड बना चुकी हैं। कुल 286 दिन स्पेस में रहने के दौरान सुनीता ने नौ सौ घंटे का शोधकार्य किया और डेढ़ सौ वैज्ञानिक प्रयोग किए। नासा ने विश्वास जताया है कि इस लंबे अनुभव का लाभ अमेरिका के इस दशक के अंत तक मंगल पर मनुष्य को उतारने के अभियान में मिलेगा। आमतौर पर यात्रियों के अंतरिक्ष में रुकने का समय अधिकतम छह माह होता है, लेकिन जब सुनीता को नौ महीने तक रुकना पड़ा है तो चिंता उनके शरीर में पड़ने वाले दुष्प्रभावों को लेकर होती रही है। आशंका है कि अधिक समय तक अंतरिक्ष में रहने से उनके शरीर पर काफी प्रतिकूल असर पड़ा होगा। जिसको सामान्य होने में काफी समय लग सकता है। दरअसल, अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण के न होने से भारहीनता की स्थिति पैदा होती है, जो शरीर की सामान्य प्रक्रिया पर प्रतिकूल असर डालती है। इस भारहीनता की स्थिति में हड्डियों व मांसपेशियों को कमजोर होने से बचाने के लिये करीब प्रतिदिन चार घंटे का व्यायाम करना पड़ता है। इस दौरान जहां खून का प्रवाह भी बाधित होता है, वहीं भारहीनता में मांसपेशियां व हड्डियां शिथिल हो जाती हैं, साथ ही रेडिएशन का भी खतरा बढ़ जाता है। यहां तक कि आंखों पर भी बुरा असर पड़ता है। जिसके चलते सुनीता व उनके सहयात्री को गहन चिकित्सा देखरेख में रखा जा रहा है।

दरअसल, भारत में सुनीता विलियम्स को लेकर जो अनुराग व चिंता दिखी, उसकी वजह उनका भारत व भारतीय संस्कारों से जुड़ा रहना ही है। अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा के दौरान वे अंतरिक्ष में गीता-उपनिषद् व समोसे लेकर गई थीं। वे भारतीय खाने की मुरीद रही हैं। बहरहाल, उन्हें विश्वास था कि वे भविष्य में इतिहास रचेंगी। वर्ष 2012 में दिल्ली के नेशनल साइंस सेंटर में छात्रों से उन्होंने कहा भी था कि रिकॉर्ड टूटने के लिये ही बनते हैं। संयोग देखिए कि अपनी तीसरी अंतरिक्ष यात्रा में वे सबसे लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने वाली पहली महिला बन गई हैं। भले ही सुनीता का जन्म अमेरिका के ओहायो प्रांत में हुआ हो लेकिन वे गुजरात के मेहसाणा स्थित पैतृक गांव झूलासन का दो बार दौरा कर चुकी हैं। अहमदाबाद से डॉक्टरी की पढ़ाई करके अमेरिका बसने वाले पिता दीपक पंडया उनकी प्रेरणा रहे हैं। उनकी मां के कैथोलिक धर्म अनुयायी होने के बावजूद पिता ने उन्हें भगवद्गीता आदि पौराणिक ग्रंथों से परिचित कराया। उन्हें सभी धर्मों का सम्मान करना सिखाया। एक समय पशुओं से लगाव के कारण पशु चिकित्सक बनने का सपना देखने वाली सुनीता कालांतर अमेरिकी नौसेना में शामिल हुईं। बचपन से तैराकी का शौक रखने वाली सुनीता ने कई तैराकी प्रतियोगिताएं जीती। नौसेना पायलट के दौरान उन्होंने ढाई हजार घंटे तक की उड़ान भरी और अंतरिक्ष में जाने को लक्ष्य बनाया। ह्यूस्टन स्थित जॉनसन स्पेस सेंटर ने उन्हें अंतरिक्ष में जाने का सपना दिखाया। हालांकि, नासा ने उनके पहले आवेदन को खारिज कर दिया था। उन्होंने अंतरिक्ष यात्रा के सपने को पूरा करने के लिए नासा में आवेदन किया, लेकिन नासा ने पहली बार में इसे स्वीकार नहीं किया। फिर उन्होंने अंतरिक्ष में जाने के लिए ही 1995 में इंजीनियरिंग प्रबंधन में मास्टर डिग्री हासिल की। दुबारा नासा ने उनके आवेदन को स्वीकार कर लिया। कालांतर वर्ष 2006 में उन्हें अंतरिक्ष में जाने का पहला मौका मिला। वे भारतीय मूल की दूसरी अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री बनीं। निस्संदेह, धरती पर लौटने के बाद वातावरण में ढलने में उन्हें कुछ वक्त लगेगा। लेकिन वह एक उत्साही फाइटर हैं और जल्दी ही सामान्य जीवन जीने लगेंगी।

# विकसित रेल, विकसित भारत - विश्व स्तरीय से श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ तक



एम. जमशेद

भारत की विकास कहानी की जीवन रेखा, भारतीय रेल दुनिया की सबसे उल्लेखनीय, लेकिन कम चर्चित गाथाओं में से एक है, कैसे अवसंरचना और परिवहन-संपर्क सुविधा के प्रति जागरूक सार्वजनिक नीति में रणनीतिक निवेश, राष्ट्रीय विकास में गुणात्मक लाभांश दे सकता है। पिछले दशक (वर्ष 2014-2024 तक) के दौरान भारतीय रेल ने जो प्रगति की है, वह इसके विकास और प्रगति का स्वर्णिम काल हो सकता है तथा यह प्रणाली आज विश्व स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ते रेलवे नेटवर्क में से एक है।

तो, भारत की कहानी को कौन-सी चीज अलग करती है और इसे विकास की समान महत्वाकांक्षा वाले देशों और क्षेत्रों के लिए एक सबक बनाती है ? मुख्य बात एक सार्वजनिक नीतिगत दृष्टिकोण है, जिसे सबसे अच्छे ढंग से यह कहकर संक्षेप में प्रस्तुत किया जा सकता है कि रेलवे के लिए योजना, भारत के साथ और भारत के लिए तैयार की गई है।

इसका मतलब इस बात की पहचान करना था कि यह प्रणाली विश्वस्तरीय हो और आम आदमी के लिए अपनी आवश्यक भूमिका में सस्ती बनी रहे। भारत के 22.4 मिलियन लोग अपने आर्थिक जीवन के एक हिस्से के रूप में इस सेवा का दैनिक उपयोग करते हैं। भारतीय रेल को एक ऐसी प्रणाली के रूप में समानांतर रूप से विकसित होना चाहिए, जो देश के उद्योग, वाणिज्य और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की महत्वाकांक्षा का समर्थन करती हो।

इसके लिए व्यापार करने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव की आवश्यकता थी। अतीत में रेलवे की आलोचना धीमी विकास दर, आधुनिकीकरण की कमी और अवसंरचना की क्षमता संतृप्ति आदि के लिए की जाती थी। ऐसी आलोचना अभी भी वे लोग करते हैं, जो पर्याप्त ज्ञान के बिना पुरानी मानसिकता से चिपके हुए हैं, जैसे नेटवर्क विकास की आलोचना अक्सर वर्ष 1950 के बाद से केवल 68,000 किमी तक क्रमिक वृद्धि के लिए की जाती है, बिना यह जाने कि क्षमता वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण वृद्धि पटरी विस्तार से जुड़ी है, जो आज 1,32,000 किमी से अधिक हो गई है।

पिछले दशक के साथ इसके प्रदर्शन की दस साल की तुलना इस बात को साबित करती है। वर्ष 2004 से 2014 के दौरान 14900 के मुकाबले वर्ष 2014 से 2024 के दौरान कुल 31000 किलोमीटर नई पटरियां बिछाई गईं। इसी तरह संचयी माल लदान 8473 मिलियन टन से 12660 मिलियन टन तक बढ़ गया, भारतीय रेल ने 8.64 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 18.56 लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया; 5188 किमी की तुलना में 44000 किमी से अधिक का विद्युतीकरण हुआ, जिससे कार्बन फुटप्रिंट की बचत हुई; पिछले दशक के शून्य के मुकाबले 2741 किमी लंबे विश्व स्तरीय समर्पित माल गलियारे, लोको का उत्पादन 4695 से बढ़कर 9168 हो गया और रेल कोच का निर्माण 32000 से बढ़कर 54000 हो गया। उत्पादकता और प्रदर्शन के सभी मापदंडों में भारतीय रेल ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

प्रमुख सुधार रेल बजट को मुख्य बजट में विलय करने से हुए, जिसे भाप युग की मानसिकता वाले कई लोग आज भी बिना किसी स्पष्ट कारण के भूल जाते हैं।

रेलवे वित्तीय अभाव के कारण संसाधनों के सीमित वितरण के कारण भारी मात्रा में लंबित स्वीकृत परियोजनाओं से जूझ रहा था। इसमें पिछले दशक के दौरान 8.25 लाख करोड़ रुपये के जीबीएस का केन्द्रित निवेश हुआ, जबकि इससे पहले के दस वर्षों में यह केवल 1.56 लाख करोड़ रुपये था।

रेलवे जल्द ही श्रीनगर के लिए अपनी पहली ट्रेन का परिचालन करेगा, घाटी तक जाने वाली पटरियाँ पूरी हो चुकी हैं, कुछ सबसे ऊँचे व सबसे लंबे पुल और सबसे लंबी रेल सुरंगें शक्तिशाली पहाड़ों से होकर नेटवर्क को जोड़ती हैं।

भारतीय रेल अपनी निर्बाध परिवहन-संपर्क सुविधा के लिए 100% विद्युतीकरण हासिल करने वाला पहला प्रमुख रेलवे बनने वाला है, जिससे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होगी और कार्बन फुटप्रिंट में भारी कमी आएगी।

रेलवे नेटवर्क में टकराव रोधी कवच का प्रसार भी मिश्रित यातायात रेलवे प्रणाली में सबसे बड़ा है।

भारतीय रेलगाड़ियाँ 'विश्व स्तरीय' से आगे निकल रही हैं। भारतीय रेल ने घरेलू आवश्यकताओं के साथ उन्नत वैश्विक तकनीकों को सफलतापूर्वक मिश्रित किया है, जिसका लक्ष्य सुरक्षित, तेज़, स्वच्छ और अधिक आरामदायक रेलगाड़ियाँ बनाना है। भारतीय रेल सभी के लिए सुलभ हो, यह सुनिश्चित करने के लिएवहनीयता को ध्यान में रखा गया है।

अपने अनूठे व्यवसाय मॉडल के साथ रेलवे अपने माल ढुलाई राजस्व से यात्री व्यवसाय खंड के घाटे को वहन करता है और फिर भी लाभदायक बना रहता है। प्रमुख विकसित रेलवे प्रणालियाँ या तो निजी हैं और उच्च टैरिफ तय करने के लिए स्वतंत्र हैं या अपने घाटे के लिए सरकारी सब्सिडी पर निर्भर हैं, जबकि भारतीय रेल अपने सभी परिचालन और कामकाज के खर्चों का ध्यान रखता है और अपने पूंजीगत व्यय के लिए सकल बजटीय सहायता प्राप्त करता है। अन्य साधनों से कड़ी प्रतिस्पर्धा और पूरी तरह से व्युत्पन्न मांग पर निर्भर होने के बावजूद, इसके राजस्व सृजन लक्ष्य, साल दर साल रिकॉर्ड प्रदर्शन दर्ज करते हुए सफलतापूर्वक प्राप्त किए जा रहे हैं।

यह 90 के दशक के पुरानी मानसिकता वाले लोगों के लिए आश्चर्य की बात हो सकती है, जो भारत में एक कमजोर युग को याद करते हैं। निर्यात गुणवत्ता का लेबल वाली कोई भी चीज़ प्रीमियम पर बिकती थी और सबसे अच्छे उत्पाद - जिन्हें विश्व स्तरीय कहा जाता था - यूरोप और अमेरिका के समृद्ध देशों के लिए आरक्षित थे। भारतीयों को अक्सर कुछ गलत सामाजिक-आर्थिक सोच की आड़ में निम्न गुणवत्ता वाले सामान या सेवाएं प्रदान की जाती थीं। पीढ़ियों को भारतीय रेल जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए भी अपनी अपेक्षाएँ कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

हालाँकि, 2014 के बाद सरकार ने विकास और बुनियादी ढाँचे के निर्माण के प्रति एक दृढ़ प्रगतिशील और प्रेरक दृष्टिकोण अपनाया है। आधुनिक भारत को नवाचार की कमी और रूढ़िवादी अंतर्मुखी एजेंडे से मुक्त एक राष्ट्रीय परिवहन नेटवर्क की आवश्यकता है।

यह प्रगति, आवश्यक रेलवे घटकों के लिए उच्च स्तर के स्थानीयकरण को बनाकर और विनिर्माण सुविधाओं को अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ाकर हासिल की गई है। हालांकि वंदे भारत ट्रेन और इस तरह के अन्य रेल काफी ध्यान आकर्षित करते हैं, लेकिन भारतीय रेल की प्राथमिकताओं में गहराई से जाने पर कई अन्य क्षेत्रों में किये गए पर्याप्त प्रयास सामने आते हैं।

भारत अब आने वाले महीनों में दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनें चलाने के लिए तैयार है। इन 1,200 हॉर्सपावर (एच पी) इंजनों के विकास की तुलना ऑपरेशन स्माइलिंग बुद्धा से की जा सकती है, जिसने भारत को परमाणु महाशक्ति के रूप में वैश्विक मानचित्र पर स्थापित किया। उल्लेखनीय रूप से, भारत अब इस मामले में अग्रणी है, जो विकसित देशों से बहुत आगे है, जो अभी भी आधी शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनें बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, जर्मनी के टीयूवी-एसयूडी ने भारत की हाइड्रोजन ट्रेनों का तीसरे पक्ष ऑडिट किया है।

दुनिया की सबसे लंबी हाइपरलूप परीक्षण सुविधा की स्थापना के साथ, भारत परिवहन के भविष्य में एक वैश्विक अग्रणी देश के रूप में उभर रहा है। दिसंबर 2024 में 422 मीटर का परीक्षण ट्रैक सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, देश अब हाइपरलूप यात्रा की व्यावसायिक व्यावहारिकता का आकलन करने के लिए लगभग 50 किलोमीटर का परीक्षण ट्रैक बनाने की तैयारी कर रहा है।

एलन मस्क समर्थित स्विसपॉड और फ्रांस की सिसट्रा के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और बढ़ती वैश्विक मान्यता के माध्यम से, भारत उन चुनिंदा देशों में से एक है, जो व्यावसायिक रूप से व्यावहारिक हाइपरलूप प्रणाली बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है, जिससे एक तकनीकी महाशक्ति के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है।

यहां तक कि चीन ने भी 'मेक इन इंडिया' पहल को अपनाया है, जिसमें सीआरआर-सीइंडिया बैंगलोर मेट्रो के लिए स्थानीयकरण प्रयासों का सक्रिय रूप से समर्थन कर रहा है। चीनी फर्म मेट्रो कोचों का 75% से अधिक स्थानीय निर्माण कर रही है, जिसमें 50% सामग्री भारत से प्राप्त की जाती है। सीआरआरसी का लक्ष्य भविष्य की परियोजनाओं में स्थानीयकरण को 90% तक बढ़ाना है। इसके अतिरिक्त, सीआरआरसीके लिए खुद को एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करके, यह सुविधा पश्चिम एशिया और अफ्रीका को निर्यात ऑर्डर संभालने के लिए तैयार है।

जापान के साथ बुलेट ट्रेन रोलिंग स्टॉक आपूर्ति सौदों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, वहीं भारत पहले ही हाई-स्पीड ट्रेनों के घरेलू निर्माण पर काम शुरू कर चुका है। रोलिंग स्टॉक से परे, ऑस्ट्रियाई कंपनी प्लासर एंड थ्योरर की सहायक कंपनी प्लासर इंडिया अपनी ट्रैक मशीनों के साथ रेलवे रखरखाव और निर्माण में बदलाव ला रही है। स्थानीय स्तर पर विनिर्माण के उनके प्रयास वैश्विक निर्यात को समर्थन देते हुए आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हैं।

भारतीय रेल ने अपनी 'बीबीआईएन पहल' के तहत न केवल दक्षिण एशिया को रेल से जोड़ने की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर काम शुरू किया है, बल्कि पूर्व में अपनी 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' के तहत भारत को आसियान से जोड़ने की भी कल्पना की है और 'आईएमईसी पहल' के साथ यह भारत को रेल-समुद्र-रेल कॉरिडोर के जरिए यूरोप से जोड़ने की योजना बना रहा है।

इसके पीएसयू रोलिंग स्टॉक, ट्रैक अवसंरचना कार्यों का निर्यात कर रहे हैं और कई एशियाई और अफ्रीकी देशों को परामर्श प्रदान कर रहे हैं।

अपनी नई ट्रेनों, आधुनिक स्टेशनों, तेज गति, समर्पित माल ढुलाई गलियारों और हाई स्पीड नेटवर्क के साथ, भारतीय रेल अब एक प्रमुख विश्व स्तरीय रेलवे प्रणाली है और इसकी कहानी ऐसी है जिसे भारत अन्य देशों तक ले जा सकता है जिन्होंने अभी तक राष्ट्रीय विकास को उत्प्रेरित करने में रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका का पूरी तरह से लाभ नहीं उठाया है। विकसित रेल, विकसित भारत का आदर्श वाक्य 2047 तक इंतजार करने और बदलाव देखने से संबंधित नहीं है, भारतीय रेल के लिए - यह भारत के लिए और भारत के साथ एक सतत यात्रा है, जिसमें प्रतिदिन रिकॉर्ड, प्रगति और विकास के लक्ष्य पूरे किए जा रहे हैं।

(लेखक सीआरएफ में प्रतिष्ठित फेलो और ट्रैफिक, रेलवे बोर्ड के पूर्व सदस्य हैं)

# राज्यों के खबरें

## नारे लिखे टी-शर्ट पहन संसद पहुंचने पर विपक्ष ने दिया द्रमुक का साथ, कहा: संसद में कोई ड्रेस कोड नहीं

### दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित




**नयी दिल्ली :** राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों ने बृहस्पतिवार को द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सांसदों का समर्थन किया, जिन्होंने प्रस्तावित परिसीमन के खिलाफ नारे लिखी टी-शर्ट पहनकर उच्च सदन की कार्यवाही में हिस्सा लिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि संसद के नियम सदस्यों के लिए कोई ''ड्रेस कोड'' निर्धारित नहीं करते हैं। द्रमुक सदस्य बृहस्पतिवार को संसद में जो टी-शर्ट पहन कर पहुंचे थे उनपर पर 'फेयर डीलिमिटेशन (निष्पक्ष परिसीमन)' और 'तमिलनाडु विल फाइट, तमिलनाडु विल विन (तमिलनाडु लड़ेगा, तमिलनाडु जीतेगा)' के नारे लिखे थे। कुछ सदस्यों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के त्रि-भाषा फार्मूले के खिलाफ लोकसभा में द्रमुक के विरोध पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की टिप्पणी पर नारों के साथ एक पट्टा पहन रखा था। उस पर 'अनसिविलाइज्ड (असभ्य)' शब्द लिखा था। इसके पहले दो अक्षरों 'यू' और 'एन' को लाल रंग क्रास से काटा गया था। उच्च सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होने के तुरंत बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने कार्यवाही स्थगित कर दी और सदन के नेताओं को बैठक के लिए अपने कक्ष में बुलाया।

## पाकिस्तानी आकाओं से गोपनीय जानकारी साझा करने के आरोप में बीईएल इंजीनियर गिरफ्तार

**बेंगलुरु :** खुफिया एजेंसियों ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के एक इंजीनियर को पाकिस्तान में अपने आकाओं से संवेदनशील जानकारियां साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया है, जिसमें संचार और रडार प्रणालियों से जुड़ी जानकारियां भी शामिल हैं। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। परमेश्वर ने संवाददाताओं को बताया कि बीईएल कर्मी ने महत्वपूर्ण फैसलों और यहां निर्मित उत्पादों के बारे में जानकारी साझा की थी। उन्होंने कहा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में दीपराज चंद्रा नामक 36 वर्षीय व्यक्ति वरिष्ठ इंजीनियर के पद पर कार्यरत था।

## अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के व्यावसायिक अनुप्रयोगों को बढ़ाने की जरूरत: सोमनाथ



**नयी दिल्ली :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष एस सोमनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र महत्वपूर्ण बदलाव के मुहाने पर है लेकिन आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के वाणिज्यिक अनुप्रयोगों को बढ़ाने की जरूरत है। सोमनाथ ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में इस बात पर प्रकाश डाला कि यद्यपि भारत ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में उल्लेखनीय प्रगति की है, फिर भी इसका अनुप्रयोग मुख्यतः सरकारी कार्यक्रमों तक ही सीमित रहा है। इसरो के पूर्व प्रमुख ने कहा, ''अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग सामाजिक और सरकारी कार्यक्रमों पर केंद्रित रहा है। अब इसे वाणिज्यिक क्षेत्र में लाना और इसका मुद्रीकरण करना महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने रेखांकित किया कि भारत में अंतरिक्ष अनुप्रयोगों की पहुंच सीमित है तथा संभावित बाजार का केवल 10 प्रतिशत ही खोजा जा सका है। सोमनाथ ने कहा, ''भारत 145 करोड़ लोगों वाला एक विशाल देश है, लेकिन अनुप्रयोग की पहुंच बहुत कम है। हम केवल सीमित क्षेत्र में ही सेवा दे रहे हैं।''

## राजस्थान के विश्वविद्यालयों में अब 'कुलपति' होंगे 'कुलगुरु', विधेयक पारित

**जयपुर :** राजस्थान में सरकार से वित्तपोषित विश्वविद्यालयों में 'कुलपति' का पदनाम अब 'कुलगुरु' होगा। विधानसभा ने इस आशय का एक प्रस्ताव बृहस्पतिवार को पारित कर दिया। राजस्थान के उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने राजस्थान के विश्वविद्यालयों की विधियां (संशोधन) विधेयक, 2025 पर चर्चा के बाद जवाब देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लगातार महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि वंचित वर्गों को शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध करवाना राज्य सरकार का ध्येय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लगातार कॉलेज शिक्षकों की भर्ती की जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत देश प्राचीन काल में ज्ञान एवं शिक्षा का वैश्विक केंद्र रहा है, राज्य सरकार शिक्षा के माध्यम से भारत का पुराना गौरव लौटाने के लिए कृत संकल्पित है।

## संयुक्त अरब अमीरात में 25 भारतीयों को मौत की सजा, फैसले पर अभी अमल नहीं: सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने बृहस्पतिवार को संसद को बताया कि संयुक्त अरब अमीरात में मौत की सजा पाए भारतीय नागरिकों की संख्या 25 है, लेकिन अभी तक इस फैसले पर अमल नहीं हुआ है। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय से पूछा गया था कि क्या कई भारतीय विदेशों में वर्षों से जेलों में बंद हैं? साथ ही उन भारतीयों का विवरण भी पूछा गया है जो विदेशों में मौत की सजा का इंतजार कर रहे हैं और उनकी जान बचाने के लिए भारत सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं। सिंह ने कहा, ''मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, वर्तमान में विदेशी जेलों में विचाराधीन कैदियों सहित भारतीय कैदियों की संख्या 10,152 है।'' मंत्री ने कहा कि सरकार विदेशी जेलों में बंद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण को उच्च प्राथमिकता देती है।

## बाबासाहेब का सपना आज भी अधूरा, उनकी लड़ाई हम पूरी ताकत से लड़ेंगे: राहुल



**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर का सपना आज भी अधूरा है और बराबरी तथा सम्मान उनकी लड़ाई को कांग्रेस पूरी ताकत से लड़ेगी। उन्होंने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के पूर्व प्रमुख और शिक्षाविद् सुखदेव थोराट के साथ आंबेडकर के 1927 के 'महाड़ सत्याग्रह' के बारे में बातचीत का एक वीडियो अपने 'एक्स' हैंडल पर साझा किया। राहुल गांधी ने पोस्ट किया, ''98 साल पहले शुरू हुई हिस्सेदारी की लड़ाई जारी है। 20 मार्च, 1927 को बाबासाहेब आंबेडकर ने महाड़ सत्याग्रह के ज़रिए जातिगत भेदभाव को सीधी चुनौती दी थी। यह केवल पानी के अधिकार की नहीं, बल्कि बराबरी और सम्मान की लड़ाई थी।'' उन्होंने कहा, जाने-माने शिक्षाविद, अर्थशास्त्री, दलित विषयों के जानकार और तेलंगाना में जातिगत सर्वेक्षण पर बनी अध्ययन समिति के सदस्य प्रोफेसर थोराट से इस सत्याग्रह के महत्व पर चर्चा की।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 21 मार्च, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन चैत्र कृष्णपक्ष सप्तमी, 28:24 तक, नक्षत्र : ज्येष्ठा, 25:37 तक, योग : सिद्धि, 18:32 तक, सूर्योदय: 5:41, सूर्यास्त: 17:48, चन्द्रोदय : 24:00, चन्द्रास्त: 09:46, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 10:13 से 11:43

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। काफी संघर्षों के बाद आपको राहत मिलेगी। पारिवारिक जीवन में आपको तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। परिवार में लोग आपकी बातों का सम्मान करेंगे। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर दिल से ज्यादा दिमाग की सुननी होगी। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आपको किसी धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आप किसी से धन उधार सोच समझकर लें।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए मेहनत और ईमानदारी से काम करने के लिए रहेगा। पारिवारिक रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए सुख-समृद्धि लेकर आने वाला है। जीवनसाथी किसी नए प्रोजेक्ट पर काम की शुरुआत कर सकते हैं। आप अपने साथी के साथ कुछ यादगार पल व्यतीत करेंगे।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। विवाह में कोई रुकावट आ सकती है।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप किसी प्रॉपर्टी में धन लगा सकते हैं। आपको घर के बड़े सदस्यों की सलाह पर चलना अच्छा रहेगा।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की साथी से मुलाकात होगी।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप ऑफिस में अपने बॉस की बातों को नजरअंदाज ना करें। आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहेगी।

**मीन :** आज का दिन व्यापार में अच्छा लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपके घर किसी मेहमान का आगमन होने से खुशियां बढ़ेगी। आपको जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा।

## वर्ग पहेली नं. 3038

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| | ■ | | ■ | 7 | 8 | | ■ | 9 | |
| 10 | | | 11 | ■ | 12 | | 13 | | ■ |
| | ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | | ■ | 16 |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | ■ | 20 | | |
| ■ | | ■ | ■ | 21 | | 22 | | ■ | |
| 23 | | 24 | | | ■ | | ■ | 25 | |
| | ■ | | ■ | 26 | 27 | | 28 | | ■ |
| 29 | | | | ■ | | ■ | 30 | | |

⊃ *बायें से दायें:-* 2) सब से पहले, 4) किसी को झट से पकड़कर दबा लेना, 7) हिजड़ा; नपुंसक, 9) कीर्ति, 10) द्विदल धान्य, 12) जल्दी-जल्दी, 14) कारण, 15) हाथ का पंजा ; राजस्व, 17) सप्ताहान्त, 20) खुले में, 21) पात्र, 23) प्रभावशाली, 25) परिणाम, ख़ात्मा, 26) हिंदी में *सोशलिज़्म*, 29) गायब, 30) सुलझा ; सीधा.

⊃ *ऊपर से नीचे:-* 1) सहायक; सरपरस्त, 2) झोंका; बहाव, 3) निषिद्ध, 4) करुणाजनक, 5) निर्वाचन; नियुक्ति; चुनने का कार्य, 6) विध्वंस, 8) उन्माद; घमंड, 11) निगाह, 13) द्वारपाल, 16) थंड़ा मीठा पेय, 18) फैलाव; उन्नति, 19) एक हिंसक पशु, 21) साल, 22) विवेक, 23) एक पांडव *(महाभारत)*, 24) गति, 25) बीच में, 27) स्त्रीलिंगीय सजीव, 28) गंध.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न्न | त | ■ | ■ | के | व | ल | ■ | धा |
| ध्यां | ■ | बा | जी | ग | र | ■ | था | प्प | ड़ |
| त | र | ह | ■ | ह | ल | ■ | प | ■ | ■ |
| र | ज | ■ | घ | ना | ■ | प | था | री | ला |
| ■ | नी | हो | न | ■ | द | ल | ■ | झ | ■ |
| ऐ | श | ■ | च | टो | रा | ■ | गु | ना | ह |
| सा | ■ | ■ | क्ष | ■ | र | च | ना | ■ | ड़ |
| वै | ■ | धा | र | ना | ■ | प्प | ■ | मा | ता |
| सा | मा | न्य | ■ | च | ह | ल | प | ह | ल |

⊃ शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2998

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 5 | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | | 8 | | | | |
| | | | 4 | | 2 | | | |
| | 8 | | | | | 3 | | |
| | 1 | | | | | | | |
| | | | | 3 | | 7 | | 8 |
| 4 | | | 5 | | | | | |
| | | | | | | | | 1 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

सूडोकू पहेली - 2997 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 1 | 7 | 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 4 | 2 | 6 | 7 | 9 | 5 | 1 |
| 4 | 2 | 1 | 7 | 3 | 6 | 8 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 | 2 | 3 |
| 9 | 6 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 7 | 2 | 5 | 8 | 6 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 7 | 1 | 2 |

# शुभेंदु के काफिले पर हमले के खिलाफ विधानसभा में भाजपा विधायकों का प्रदर्शन, स्पीकर का फूंका पुतला

## सदन में काले झंडे लहराकर जताया विरोध, वाकआउट भी किया
## शुभेंदु पर हमले के लिए विधानसभा अध्यक्ष को ठहराया जिम्मेदार, इस्तीफे की मांग की

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर हमले और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें काले झंडे दिखाए जाने के खिलाफ गुरुवार को विपक्षी भाजपा के विधायकों ने विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन सदन के भीतर व बाहर जबरदस्त विरोध-प्रदर्शन किया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने यह मुद्दा उठाया और इस घटना पर राज्य सरकार का पक्ष जानना चाहा। इसपर, अध्यक्ष ने कहा कि यह घटना विधानसभा का विषय नहीं है। इसके बाद, जब विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष ने बोलना चाहा तो उनका माइक बंद कर दिया गया। इससे नाराज होकर विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) बिमान बनर्जी के इस्तीफे की मांग पर विपक्षी विधायकों ने नारेबाजी शुरू कर दी। शंकर घोष के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने अपनी सीटों से खड़े होकर हाथों में तख्तियां और काले झंडे लहराते हुए अध्यक्ष के खिलाफ करीब 20 मिनट तक सदन के भीतर नारेबाजी की। इस दौरान, कुछ भाजपा विधायक सदन के बीचों-बीच भी आ गए और सदन की कार्यवाही से जुड़े दस्तावेजों को फाड़कर विरोध प्रदर्शन किया। बाद में, सभी भाजपा विधायक सदन से वाकआउट कर गए। उन्होंने आरोप लगाया कि अध्यक्ष निष्पक्ष नहीं हैं तथा सदन में लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। हंगामे के बीच सदन में विनियोग विधेयक पर चर्चा हुई। विधानसभा परिसर व इसके बाहर भी उन्होंने जबरदस्त विरोध-प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने विधानसभा के दो नंबर गेट के बाहर अध्यक्ष का पुतला भी जलाया। साथ ही, सदन से लेकर विधानसभा परिसर व गेट के बाहर बड़े पैमाने पर कागज के टुकड़े फाड़कर विरोध जताया।



इस दौरान, विधानसभा परिसर के बाहर अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। भाजपा विधायकों ने आरोप लगाया कि यह सब विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इशारे पर किया गया। उन्होंने यह भी दावा किया कि नेता प्रतिपक्ष को जान से मारने की साजिश थी। उन्होंने बारूईपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) के निलंबन की भी मांग की। विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक शंकर घोष ने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि देश की संसदीय राजनीति में इस तरह का पक्षपाती स्पीकर हम लोगों ने आज तक नहीं देखा। उन्होंने शिकायत की कि भाजपा विधायकों को स्पीकर सदन में बोलने नहीं देते। जनहित के विभिन्न मुद्दों पर जब चर्चा की मांग पर पार्टी विधायकों द्वारा स्थगन प्रस्ताव लाया जाता है तो स्पीकर इसे खारिज कर देते हैं। किसी विषय पर हमें सदन में चर्चा की अनुमति नहीं दी जाती है। दूसरी ओर, भाजपा विधायकों के इस विरोध प्रदर्शन की निंदा करते हुए वरिष्ठ मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि स्पीकर का अपमान करना सदन का अपमान है।

### मैं लोकसभा की तरह विपक्षी सदस्यों को बाहर करके सदन नहीं चलाना चाहता : स्पीकर

नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर हमले के खिलाफ गुरुवार को विधानसभा में विपक्षी भाजपा विधायकों के जबर्दस्त विरोध प्रदर्शन और काले झंडे लहराए जाने की घटना पर विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) बिमान बनर्जी ने कहा कि मैं लोकसभा की तरह विपक्षी सदस्यों को बाहर करके सदन नहीं चलाना चाहता। बिमान बनर्जी का इशारा 2023 में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लगातार विरोध प्रदर्शन को लेकर लोकसभा से करीब 100 विपक्षी सांसदों को निलंबित किए जाने की तरफ था। उन्होंने आरोप लगाया कि काफी संयम के बावजूद वे (विपक्षी भाजपा विधायक) नियमों की लगातार अवहेलना करने की कोशिश कर रहे हैं। सदन में भाजपा के विरोध प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए अध्यक्ष ने कहा कि उनका इस्तीफा मांगने का यह तरीका नहीं है। स्पीकर ने अपने कक्ष में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि संविधान में यह प्रावधान है कि अध्यक्ष अपनी कुर्सी कैसे छोड़ेंगे, लेकिन अध्यक्ष की ओर दौड़ना और चिल्लाना, उनका इस्तीफा मांगना - ऐसा कभी नहीं हुआ। विपक्षी भाजपा पर विधानसभा में अशांति की स्थिति पैदा करने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने सुना है कि उन्होंने (भाजपा) बुधवार को बारुईपुर में उनके निर्वाचन क्षेत्र में अव्यवस्था को बढ़ावा देने का प्रयास किया था। वहीं, विधानसभा परिसर के बाहर विपक्षी विधायकों द्वारा उनका पुतला जलाने पर प्रतिक्रिया देते हुए बिमान ने मजाकिया अंदाज में कहा कि मुझे नहीं पता कि वे ऐसा करके मेरी लंबी उम्र की कामना कर रहे थे या कुछ और। उन्होंने कहा कि मैं उन्हें लोकसभा की तरह सदन से बाहर रखकर सदन नहीं चलाना चाहता। अध्यक्ष ने कहा कि सदन में उनकी अनुपस्थिति स्पष्ट रूप से संकेत देती है कि वे भाजपा विधायक अदृश्य हैं। सिर्फ प्रचार पाने के लिए हंगामा करना उनका मकसद है।

## बंगाल में अब बार में काम कर सकेंगी महिलाएं, विधानसभा से विधयेक पारित

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में महिलाएं अब बार में काम कर सकेंगी और शराब परोसने जैसे कार्य की उन्हें अनुमति होगी। महिलाओं को बार में काम करने की अनुमति देने से संबंधित एक विधेयक बुधवार को राज्य विधानसभा से ध्वनिमत से पारित किया गया। वित्त मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चंद्रिमा भट्टाचार्य ने विधानसभा में वित्त विधेयक 2025 प्रस्तुत किया। इस विधेयक के जरिए बंगाल एक्साइज एक्ट (आबकारी अधिनियम) 1909 में संशोधन कर ओएन श्रेणी की शराब की दुकानों पर महिलाओं के काम करने संबंधी प्रतिबंध को हटाने का प्रावधान किया गया है, ताकि ओएन श्रेणी की शराब की दुकानों में महिलाओं को रोजगार मिल सके। राज्य सरकार के अनुसार, पहले का प्रावधान भेदभावपूर्ण था, इसलिए इस विधेयक के जरिए प्रतिबंध को हटा दिया गया है। अब जो महिलाएं बार में काम करना चाहेंगी वो अपनी मर्जी से ऐसा कर सकती हैं। बिल में अवैध शराब पर निगरानी संबंधी प्रावधान भी किए गए हैं। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य सरकार पुरुषों और महिलाओं के बीच भेदभाव में विश्वास नहीं करती है। इस तरह के रोक को भेदभाव के नजरिए से देखा जा रहा था। उन्होंने कहा कि विधेयक में दूसरे प्रावधानों के अलावा, यह राज्य सरकार को अवैध शराब बनाने की रोकथाम के लिए निगरानी सहित और भी दूसरे कच्चे माल की आपूर्ति की निगरानी करने का अधिकार देता है। इस विधेयक के माध्यम से बंगाल कृषि आयकर अधिनियम, 1944 में भी संशोधन किया गया है, ताकि चाय उद्योग, विशेष रूप से छोटे चाय बागानों को कर में राहत दी जा सके। खासतौर पर, कोरोना महामारी के बाद से जो चाय उद्योग में कठिनाई का सामना कर रहे हैं। उन लोगों को इस विधेयक के जरिए मदद की जा सके। उन्होंने कहा कि इन विधेयकों के प्रावधानों को लागू करने में किसी भी तरह का आर्थिक फायदा या नुकसान शामिल नहीं है।

## अभया परिवार का जांच में लापरवाही का आरोप, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सोमवार को हाई कोर्ट में आरजीकर मामले की सुनवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** अभया के परिवार ने जांच में लापरवाही का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सोमवार को कोलकाता हाईकोर्ट में आरजी कर के बलात्कार और हत्या के मामले की सुनवाई की मांग की है। मामले को लेकर गुरुवार को कोलकाता हाईकोर्ट के जस्टिस तीर्थंकर घोष की अदालत में अभया के माता-पिता ने ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान उन्होंने सीबीआई से पुनः जांच कराने की मांग की, आरोप है कि जांच में कई लापरवाहियां हुईं। इस मामले की सुनवाई सोमवार को जस्टिस तीर्थंकर घोष की अदालत में होगी। वहीं, कोलकाता हाईकोर्ट के बाद पिछले सोमवार को जस्टिस जयमाल्या बागची ने सुप्रीम कोर्ट में शपथ ली और उसी दिन मुख्य न्यायधीश संजीव खन्ना की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। अभया के माता-पिता सीबीआई की जांच से संतुष्ट नहीं थे, और उन्होंने मामले की जांच किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी से कराने की मांग की। इसके अलावा, उन्होंने प्रमुख आरोपी संजय और अन्य संदिग्धों को भी जांच के दायरे में लाने की मांग की। कोलकाता हाईकोर्ट में जस्टिस तीर्थंकर घोष की बेंच में याचिका दायर की गई थी, लेकिन जस्टिस घोष ने बताया कि इस मामले से संबंधित एक मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए उच्चतम न्यायालय की अनुमति के बिना वह इस मामले की सुनवाई नहीं कर सकते। इसके बाद, अभया के माता-पिता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट ने उनके वकील करुणा नंदी की दलीलों पर गौर करते हुए कहा कि अब इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट कर सकता है और जस्टिस तीर्थंकर घोष की बेंच में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं है। इस प्रकार, आगामी सोमवार को कोलकाता हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई होगी।

## बंगाल सरकार ने आरजी कर प्रदर्शन में शामिल चिकित्सक सुवर्ण गोस्वामी का किया तबादला

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने गुरुवार को डॉ. सुवर्ण गोस्वामी को तबादला नोटिस जारी किया, जो पिछले साल अगस्त में आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के मामले में न्याय की मांग को लेकर आंदोलन की अगुआई कर रहे थे। एक अधिसूचना के अनुसार, पश्चिम बंगाल लोक स्वास्थ्य सह प्रशासनिक सेवा के सदस्य और वर्तमान में पूर्व बर्द्धमान में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी (डिप्टी सीएमओएच)-दो के पद पर तैनात गोस्वामी को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक राज्य के दार्जिलिंग टीबी अस्पताल के अधीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि पूर्व बर्द्धमान की डिप्टी सीएमओएच-चार, डॉ. सुनेत्रा मजूमदार अगले आदेश तक अपने सामान्य कर्तव्यों के अलावा अस्थायी रूप से डिप्टी सीएमओएच-दो का कार्यभार संभालेंगी।

## शुभेंदु अधिकारी की कार में तोड़फोड़ को लेकर भाजपा ने राज्यभर में किया विरोध प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के बारुईपुर में कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस समर्थकों द्वारा नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी की गाड़ी में तोड़फोड़ करने और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार किए जाने के एक दिन बाद गुरुवार को राज्यभर में विरोध-प्रदर्शन किए गए। इस दिन, विधानसभा के बाहर और सॉल्टलेक, करुणामयी, चुचुड़ा (हुगली) में जीटी रोड और तमलुक (मेदिनीपुर) में प्रदर्शन हुए जहां भाजपा समर्थकों ने सड़कें जाम कर दीं, पार्टी के झंडे लहराए और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की। सड़क जाम की वजह से यातायात बाधित हो गया लेकिन बाद में पुलिस ने यातायात सामान्य करवा दिया। उल्लेखनीय है कि गत बुधवार को बारुईपुर में शुभेंदु अधिकारी की रैली के दौरान भाजपा और तृणमूल समर्थकों के बीच टकराव के दौरान झड़प जैसी स्थिति बन गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कार्यकर्ताओं ने उनके वाहन पर हमला किया, काले झंडे लहराए और उनके खिलाफ नारेबाजी की। शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया



कि जैसे ही मैं इलाके में पहुंचा, मेरे वाहन पर हमला कर दिया गया। अगर मैं अंदर नहीं होता, तो मेरे सिर में गंभीर चोट आ सकती थी। उन्होंने निर्वाचन आयोग से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया और दावा किया कि मौजूदा सरकार के तहत निष्पक्ष चुनाव असंभव हैं। तृणमूल के राज्य उपाध्यक्ष जयप्रकाश मजूमदार ने शुभेंदु अधिकारी की मांग को खारिज करते हुए कहा कि आगामी चुनावों में भाजपा की हार होगी। जादवपुर से भाजपा के जिला अध्यक्ष मनोरंजन जोवरदार ने पुलिस पर तृणमूल का पक्ष लेने और स्थिति को नियंत्रित करने में नाकाम रहने का आरोप लगाया। शुभेंदु अधिकारी ने विरोध-प्रदर्शन के कारण स्थिति गंभीर होने के चलते अपना मार्च रद्द कर दिया, लेकिन नए सिरे से प्रदर्शन की घोषणा की। उन्होंने न्याय की मांग के लिए 27 मार्च को पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करने का संकल्प लिया।

## होलबर्ग पुरस्कार से सम्मानित स्पिवक ने गरीबी कम करने के प्रयासों के लिए ममता की प्रशंसा की

**कोलकाता, समाज्ञा :** साहित्यकार गायत्री चक्रवर्ती स्पिवक ने गरीबी कम करने के प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की प्रशंसा की है। स्पिवक ने बुधवार को ममता बनर्जी को लिखे पत्र में आभार जताया। बता दें कि लेखिका को प्रतिष्ठित होलबर्ग पुरस्कार प्राप्त करने पर मुख्यमंत्री ने उन्हें बधाई संदेश भेजा था। लेखिका ने दक्षिण एशियाई कलाकारों और दानदाताओं द्वारा समर्थित 1000 वर्षों के बंगाली साहित्य का द्विभाषी संस्करण प्रकाशित करने संबंधी परियोजना का भी उल्लेख किया। कोलंबिया विश्वविद्यालय की प्रोफेसर स्पिवक ने बंगाल के ग्रामीण इलाकों के गरीबों के लिए लोकतांत्रिक शिक्षा के क्षेत्र में अपने चार दशकों के कार्य पर प्रकाश डाला, जिसमें उन्होंने चुनौतियों का सामना कर रहे समुदायों पर ध्यान केंद्रित किया।

## कोलकाता हाई कोर्ट का आदेश, अवैध निर्माण को तुरंत तोड़ा जाए

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हाईकोर्ट ने वाटगंज थाना क्षेत्र में किए गए अवैध निर्माण को तुरंत तोड़ने का आदेश दिया है। आरोप है कि तीन मंजिला इमारत को बिना अनुमति के छह मंजिला बना दिया गया था। कोर्ट ने मुख्य न्यायधीश की डिवीजन बेंच द्वारा आदेश दिया कि इस इमारत के तीन अतिरिक्त तल को तत्काल तोड़ा जाए। इसके साथ ही कोलकाता नगर निगम को निर्देश दिया गया है कि 16 मई तक बिल्डिंग को खाली करवा लिया जाए और 19 जून तक इन तीन मंजिलों को तोड़ दिया जाए। वॉर्ड नंबर 77, वाटगंज क्षेत्र में किए गए इस अवैध निर्माण के खिलाफ वहां के निवासियों ने कोलकाता हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। यह याचिका 10 जुलाई 2024 को दायर की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि इमारत के मालिक ने बिना किसी नियम का पालन किए निर्माण कार्य किया। बिल्डिंग के लिए केवल तीन मंजिल बनाने की अनुमति दी गई थी, लेकिन मालिक ने इसे छह मंजिला बना दिया। जब क्षेत्रवासियों ने विरोध किया, तो इमारत के मालिक पर आरोप लगा कि उन्होंने विरोध करने वाले निवासियों के खिलाफ झूठे मुकदमे दायर किए। कोलकाता हाई कोर्ट की मुख्य न्यायधीश टी एस शिवगणनम और न्यायधीश चैताली दास की डिवीजन बेंच ने इस मामले में इमारत के अवैध हिस्से को तुरंत तोड़ने का आदेश दिया।

### आरजीकर मामला : सात नर्सिंग स्टाफ को सीबीआई ने पूछताछ के लिए तलब किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हुई दुष्कर्म और हत्या की घटना की जांच कर रही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने वारदात की रात ड्यूटी पर मौजूद सात नर्सिंग स्टाफ को पूछताछ के लिए समन जारी किया है। यह समन गुरुवार को जारी किए गए और उन्हें जल्द से जल्द, संभव हो तो दोपहर तक, साल्टलेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है।

### जमानत की अवधि बढ़ाने के लिए फिर हाईकोर्ट में पहुंचे कालीघाट के काकू

**कोलकाता, समाज्ञा :** भर्ती भ्रष्टाचार मामले में आरोपी सुजॉयकृष्ण भद्र उर्फ 'कालीघाट के काकू' ने एक बार फिर कोलकाता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने अपनी अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाने के लिए आवेदन किया है, साथ ही जमानत की शर्तों को कम करने की भी मांग की है। उल्लेखनीय है कि सुजॉय कृष्ण भद्र को अस्वस्थ होने के कारण अदालत ने इलाज के लिए अंतरिम जमानत दी थी। हाई कोर्ट में जस्टिस अरिजीत बंदोपाध्याय और जस्टिस अपूर्व सिन्हा रॉय की डिवीजन बेंच ने उनकी शारीरिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए जमानत मंजूर की थी। हालांकि, जमानत मिलने के बाद उन्हें कई शर्तों के साथ जेल से बाहर जाने की अनुमति दी गई थी। इनमें घर और अस्पताल तक ही सीमित रहने, घर पर केंद्रीय बलों की तैनाती और दो मोबाइल फोन नंबरों की जानकारी सीबीआई को देने जैसी शर्तें शामिल थीं। इसके अलावा, उन्हें सीबीआई के भ्रष्टाचार जांच में सहयोग भी करना था और आवश्यकता पड़ने पर ऑपरेशन भी करवाने की अनुमति थी।

# सबसे प्रदूषित महानगरों में कोलकाता दूसरे नंबर पर

## वायु प्रदूषण के मामले में दिल्ली सबसे ऊपर

**कोलकाता, समाज्ञा :** सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण के मामले में कोलकाता दिल्ली के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायर्नमेंट (सीएसई) द्वारा देश के छह प्रमुख महानगरों दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद व बेंगलुरु की वायु गुणवत्ता के एक अक्टूबर, 2024 से 31 जनवरी, 2025 की अवधि के दौरान किए गए विश्लेषण में यह चिंताजनक तथ्य सामने आया है। विश्लेषण कोलकाता के सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों (सीएएक्यूएमएस) के रियल टाइम डेटा पर आधारित है। कोलकाता में पिछली सर्दियों में औसत पीएम 2.5 स्तर 65 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर पाया गया है, जो दिल्ली (175) के बाद सर्वाधिक है। वहीं, अधिकतम पीएम 2.5 स्तर दो नवंबर, 2024 को 135 दर्ज हुआ, हालांकि सर्दियां जब अपने उच्चतम स्तर पर थी, उस वक्त कोलकाता में प्रदूषण का स्तर पिछले वर्ष से कम रहा है, हालांकि इसके बावजूद यह खराब वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) की श्रेणी में ही रहा है।

❑ **जनवरी रहा सबसे प्रदूषित महीना**

जनवरी, 2025 कोलकाता के लिए सबसे प्रदूषित महीना रहा है। कोलकाता में खराब एक्यूआई वाले दिनों की कुल संख्या 15 रही, जो दिल्ली के बराबर है, वहीं बेहद खराब एक्यूआइ वाला एक दिन भी दर्ज हुआ। कोलकाता में अच्छे एक्यूआई वाले मात्र 11 दिन ही देखे गए। कोलकाता के सबसे प्रदूषित इलाकों में बालीगंज (80), फोर्ट विलियम्स (71), जादवपुर (63), विक्टोरिया (62). रवींद्र भारती विश्वविद्यालय (62) व बिधाननगर (57) शामिल रहे, हालांकि 'सिटी ऑफ ज्वाय' के नाम से मशहूर इस शहर में पिछले चार वर्षों में सर्दियों में पीएम 2.5 स्तर सबसे कम रहा है। पिछली तीन सर्दियों की तुलना में इसमें 19 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है।

❑ **क्यों बढ़ रहा प्रदूषण?**

सीएसई की कार्यकारी निदेशक, (अनुसंधान व वकालत) अनुमिता राय चौधरी ने कहा कि किसी भी जलवायु क्षेत्र में सर्दियों के समय प्रदूषण का चरम पर पहुंचना तेजी से शहरीकरण व मोटरीकरण वाले शहरों में लगातार वायु प्रदूषण की अंतर्निहित समस्या का संकेत है। प्रदूषण के स्थानीय स्रोतों का बढ़ता प्रभाव इन शहरों में प्रदूषण के हॉटस्पाट में दिखाई देता है, जिससे स्थानीय जोखिम और बढ़ रहे हैं। इन शहरों को स्वच्छ वायु मानकों को पूरा करने के लिए सभी स्रोतों से प्रदूषण को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है। दिल्ली और कोलकाता जैसे शहरी केंद्रों को प्रतिकूल मौसम विज्ञान की अतिरिक्त चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जो सांद्रता को बढ़ाता है।



# 'कोर्ट के बाहर बुलाकर दो लोगों ने मांगे 19 करोड़ रुपये', भर्ती घोटाले के आरोपित कुंतल घोष ने जज से कहा

**कोलकाता, समाज्ञा :** शिक्षक भर्ती घोटाले के आरोपित पूर्व तृणमूल नेता कुंतल घोष ने गुरुवार को एक नया आरोप लगया कि उसे दो लोगों ने कोर्ट रूम के बाहर बुलाकर रुपये मांगे थे। कुंतल ने कोलकाता में ईडी की विशेष अदालत में इस तरह के आरोप लगाया। उसने आरोपों में तापस मंडल नामक एक व्यक्ति का नाम भी लिया था। वह गुरुवार को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत कक्ष में मौजूद था। सुनवाई के अंत में कुंतल ने न्यायाधीश का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। कुछ ही देर बाद उसने जज को बताया कि दो लोगों ने उसे अदालत कक्ष से बाहर बुलाया था। उसने अदालत में दावा किया कि दोनों व्यक्तियों ने अदालत कक्ष के बाहर उनसे 19 करोड़ रुपये की मांग की। उसने जज से कहा कि दो लोगों ने मुझे बाहर बुलाया और तापस मंडल का पैसा देने को कहा। कुंतल ने न्यायाधीश से अनुरोध किया कि यदि आवश्यक हो तो अदालत परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जाए। यह सुनने के बाद न्यायाधीश ने उसे बाहर न जाने की सलाह दी। उन्होंने कुंतल से कहा कि तुम अंदर बैठो। अगले दिन भी तुम अंदर ही रहोगे। अंत में, न्यायालय में ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी (न्यायालय निरीक्षक) के पास जाकर उसने लिखित शिकायत दर्ज कराई। भर्ती मामले का परीक्षण चरण अभी चल रहा है। तदनुसार, अदालत में गवाही लेने की प्रक्रिया चल रही है। गुरुवार को राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी के एक रिश्तेदार ने ईडी की विशेष अदालत में गवाही दी थी।

## शिक्षक भर्ती घोटाले में एक और आरोपित को जमानत

प्राथमिक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में एक अन्य आरोपित को भी जमानत मिल गई। गुरुवार को विशेष ईडी अदालत ने सीबीआई के एक मामले में हुगली के निष्कासित तृणमूल नेता शांतनु बनर्जी को जमानत दे दी। इससे पहले उसे ईडी के मामले में भी जमानत मिल चुकी थी। परिणामस्वरूप, शांतनु अब जेल से बाहर निकलने में सफल हो जाएगा। प्राथमिक भर्ती मामले में कुल छह आरोपितों को जमानत मिल गई है। गुरुवार को शांतनु अपनी जमानत और रिहाई के बारे में सुनकर जेल के अंदर रो पड़ा। उल्लेखनीय है कि शुरुआती मामले में नाम आने के बाद ईडी ने 2023 में शांतनु को गिरफ्तार किया था। बाद में, सीबीआइ ने भी उसे इस मामले में हिरासत में लिया था। भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने के बाद तृणमूल ने उसे पार्टी से निष्कासित कर दिया है। दावा किया जाता है कि प्राथमिक मामले की जांच के दौरान सीबीआइ द्वारा 'कालीघाट का काकू' उर्फ सुजय कृष्ण भद्र की जो आडियो रिकार्डिंग प्राप्त की है, उसमें भी शांतनु की भी आवाज है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने इस संबंध में आरोपपत्र में शांतनु के खिलाफ कई आरोप भी लगाए हैं।

## ओबीसी प्रमाणपत्रों के सर्वेक्षण के राज्य के निर्णय के विरुद्ध हाई कोर्ट में नया मामला

**कोलकाता, समाज्ञा :** अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण के संबंध में ममता सरकार में नए सिरे से सर्वेक्षण शुरू करने के फैसले को चुनौती देते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट में एक नई याचिका दायर की गई है। वकील विक्रम बनर्जी ने इस मुद्दे पर राज्य के फैसले को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट ने 2010 के बाद राज्य में जारी सभी ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द कर दिए हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने उस आदेश पर रोक नहीं लगाई है। इस स्थिति में राज्य ने ओबीसी की पहचान के लिए एक नया सर्वेक्षण शुरू किया है। वकील ने मामले पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायमूर्ति चैताली चटर्जी की खंडपीठ ने गुरुवार को इस संबंध में मामला दायर करने की अनुमति दे दी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि शीघ्र सुनवाई के अनुरोध पर विचार किया जाएगा। बताते चलें कि पिछले मंगलवार को सर्वोच्च न्यायालय में ओबीसी सर्वेक्षण मामले की सुनवाई के दौरान राज्य ने कहा था कि वह इस बात की जांच कर रहा है कि ओबीसी के रूप में सूचीबद्ध होने के लिए कौन पात्र है। राज्य सरकार के वकील कपिल सिब्बल ने शीर्ष अदालत को बताया कि हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार नया सर्वेक्षण शुरू कर दिया गया है। इस स्थिति में सरकारी वकील सिब्बल ने ओबीसी मामले की सुनवाई तीन महीने के लिए स्थगित करने का अनुरोध किया था।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार, दिनहाटा नगरपालिका और चेयरमैन को हाईकोर्ट का नोटिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार के आरोपों पर सवाल उठाए गए हैं। मुख्य न्यायाधीश की डिवीजन बेंच ने दिनहाटा नगरपालिका और उसके चेयरमैन को शोकॉज नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि आवास योजना का लाभ देने के लिए, जो अतिरिक्त धन नगरपालिका ने लिया और जिन लोगों को धन नहीं मिल पाया, उनके नाम हटाए गए, यह प्रारंभिक रूप से अवैध है। मामला दर्ज करने वाले ने आरोप लगाया कि जिन लोगों को आवास योजना का लाभ मिलना था, उनसे विकास के नाम पर 20 हजार रुपये मांगे गए। जो लोग यह राशि नहीं दे सके, उनके नाम सूची से हटा दिए गए। वहीं, जिन्होंने पैसे दिए, तीन सालों में काम न होने पर जब वे पैसे वापस मांगने गए, तो उन्हें भी राशि नहीं दी गई। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इस योजना के लाभार्थी गरीब लोग हैं। पैसे न देने के कारण जिनके नाम हटाए गए हैं, उस पर सीधा असर इस योजना पर पड़ेगा। 2022 में इस मामले का ऑडिट किया गया था। अकाउंटेंट जनरल ने कहा था कि धन एकत्रित करना अवैध था। नगरपालिका ने 439.42 लाख रुपये जमा किए थे। नगरपालिका के वकील ने कहा कि अधिकांश नगरपालिका के पास यह पैसा नहीं है, जिसे देने की बात की जा रही है। इस पैसे का उपयोग नजदीकी सड़क, नहर आदि बनाने के लिए किया जा रहा था। मुख्य न्यायाधीश ने ऑडिट रिपोर्ट के हवाले से कहा कि इस तरह से धन एकत्रित करना पूरी तरह अवैध था। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अशोक चक्रवर्ती ने पूछा कि आवास योजना का पैसा सड़क में कैसे बदल सकता है? आवेदनकर्ता के वकील नीलांजन बनर्जी ने कहा कि 187 लोग योजना से बाहर कर दिए गए हैं और एक अनुसूचित जाति के व्यक्ति को इसका लाभ नहीं मिला। तीन सालों में भी पैसे वापस नहीं किए गए। ऑडिट रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था कि 2022 में 439.42 लाख रुपये एकत्र किए गए थे। इसके बाद हाई कोर्ट ने नगरपालिका को शोकॉज किया और साथ ही कोर्ट ने चेयरमैन के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई, उन्हें पद से क्यों नहीं हटाया गया, इसका जवाब मांगा।

## सियालदह डिवीजन ने काल बैसाखी तूफान के लिए की तैयारी, ट्रेन संचालन को सुरक्षित रखने के उपाय

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल की खाड़ी से नमी की मजबूत घुसपैठ और अनुकूल हवा के पैटर्न के कारण, 20 से 22 मार्च 2025 तक पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों में काल बैसाखी तूफान के दौरान बिजली गिरने और तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। भारतीय मौसम विभाग ने दक्षिण बंगाल के कुछ हिस्सों में आंधी-तूफान, भारी वर्षा और 50-60 किमी प्रति घंटे की गति से हवा चलने का चेतावनी जारी की है, जो सियालदह डिवीजन में उपनगर ट्रेन संचालन को प्रभावित कर सकता है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए, सियालदह डिवीजन ने आगामी काल बैसाखी, तूफान के दौरान सुचारु ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। इन कदमों में ओवरहेड उपकरणों की सुरक्षा, सिग्नल सिस्टम की नियमित जांच, ट्रैक और बैलास्ट का उचित रखरखाव, ट्रैक के पास पेड़ों की छंटाई, सिग्नलिंग और टेलीकॉम सिस्टम के लिए लाइटनिंग सुरक्षा, बैकअप पावर की उपलब्धता, गति प्रतिबंध, कर्मचारियों की सतर्कता और यात्रियों को पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से सूचना देना शामिल है। इसके अतिरिक्त, सीलदह डिवीजन मौसम पूर्वानुमान पर करीबी नजर रखेगा और तूफान की स्थिति का अनुमान लगाकर आपदा प्रबंधन टीम को तैनात करेगा। सियालदह के डीआरएम दीपक निगम, ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इस स्थिति का सामना करने के लिए तत्पर रहने और डिवीजन में ट्रेन संचालन को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित होने के कारण हाईकोर्ट में नहीं हुई एसएलएसटी मामले की सुनवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित होने के कारण गुरुवार को भी एसए-लएसटी मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में नहीं हो पाई। इस मामले की अगली सुनवाई 25 अप्रैल को होगी। इस दौरान, यदि सुप्रीम कोर्ट से कोई आदेश आता है, तो इस मामले की सुनवाई आपातकालीन आधार पर करने का अनुरोध किया जा सकता है, ऐसा बताया गया है। यह जानकारी न्यायमूर्ति विश्वजीत बसु की सिंगल बेंच ने दी। पिछली सुनवाई में अदालत ने यह पूछा था कि क्या इस मामले में रिक्त पदों के आधार पर नौकरी देना कानूनी है? संबंधित मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है और जल्द ही इस पर सुप्रीम कोर्ट अपना फैसला सुनाएगा। इसी कारण उच्च न्यायालय में गुरुवार को इस मामले की सुनवाई नहीं हो सकी।

न्यायमूर्ति विश्वजीत बसु ने कहा कि जब तक सुप्रीम कोर्ट की डिवीजन बेंच इस मामले में निर्णय नहीं देती, तब तक सिंगल बेंच इस मामले में कोई फैसला नहीं लेगी। राज्य सरकार ने इस मामले में न्यायमूर्ति बसु के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पेटीशन दायर किया था, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद निर्णय स्थगित कर दिया था। गौरतलब है कि 2016 में एसए-लएसटी के माध्यम से कार्यशिक्षा और शारीरिक शिक्षा के लिए उम्मीदवारों की पैनल तैयार हो चुकी थी, लेकिन इस मामले के कारण नियुक्तियां रुकी हुई हैं। कई बैठकों में ममता बनर्जी ने इस मुद्दे पर आरोप लगाए हैं। तृणमूल कांग्रेस के कूणाल घोष ने भी विकासरंजन भट्टाचार्य का नाम लेकर इस मुद्दे पर हमला किया है। यह मामला 2022 में राज्य सरकार द्वारा बनाए गए अतिरिक्त 1600 रिक्त पदों से संबंधित है। हालांकि, आरोप है कि कई योग्य उम्मीदवारों को सिफारिश पत्र मिल जाने के बावजूद नियुक्ति नहीं दी गई।

## जेयू विवाद : कैंपस में पुलिस चौकी के प्रस्ताव पर अनिश्चितता, शिक्षकों ने छात्रों के विरोध का दिया समर्थन

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) परिसर में पुलिस चौकी स्थापित करने के कोलकाता पुलिस के प्रस्ताव को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। अब शिक्षकों का एक बड़ा वर्ग भी छात्रों के साथ इस प्रस्ताव के खिलाफ खड़ा हो गया है। जादवपुर यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन (जेटीए) ने गुरुवार को इस प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय की परंपरा के खिलाफ है। संगठन ने छात्रों की चिंताओं का समर्थन करते हुए दावा किया कि यह चौकी कैंपस पर लगातार निगरानी रखने के उद्देश्य से बनाई जा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि शिक्षकों के समर्थन से प्रशासन




के लिए इस प्रस्ताव को लागू करना मुश्किल हो सकता है। इससे पहले, स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), जो माकपा की छात्र इकाई है, ने भी इस चौकी का पुरजोर विरोध करने की घोषणा की थी। एसएफआई के पश्चिम बंगाल राज्य सचिव देबांजन देय ने गुरुवार को कहा, हम मानते हैं कि चौकी तनाव को खत्म करने के बजाय उसे बढ़ाने के लिए बनाई जा रही है। यही राज्य प्रशासन की असली मंशा है। इस मुद्दे पर विश्वविद्यालय प्रशासन पर दबाव और बढ़ गया है, क्योंकि हाल ही में राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने इस मामले पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर पुलिस का यह कदम कानूनी नियमों का उल्लंघन करेगा, तो वे बतौर कुलाधिपति चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विश्वविद्यालय प्रशासन को तय करना है, लेकिन उनका निर्णय मौजूदा नियमों के अनुरूप होना चाहिए। अगर कोई अनियमितता हुई तो मैं हस्तक्षेप करूंगा। दरअसल, पुलिस चौकी स्थापित करने का प्रस्ताव इसी महीने की शुरुआत में कैंपस के भीतर हुई झड़प के बाद सामने आया था।

## मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स मार्च 2025 तक खोलेगा 12 नए शोरूम

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुनिया के छठे सबसे बड़े आभूषण विक्रेता मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने मार्च 2025 तक भारत में 12 नए शोरूम खोलने की घोषणा की है। इस विस्तार के बाद कंपनी के कुल शोरूम की संख्या 13 देशों में 391 तक पहुंच जाएगी और भारत में इसकी मौजूदगी 19 राज्यों में हो जाएगी। नए शोरूम मुंबई (पनवेल), पुणे (सिंहगढ़ रोड), ओडिशा (ब्रह्मपुर रोड, सौभाग्य नगर), झारखंड (धनबाद), कर्नाटक (होस्पेट, नगरभवी, चित्रदुर्ग), आंध्र प्रदेश (नांदयाल, अमलापुरम, मछलीपट्टनम) और उत्तर प्रदेश (वाराणसी) में खोले जाएंगे। कंपनी ने इस विस्तार के लिए 600 करोड़ रुपये का निवेश किया है और इस वित्त वर्ष में 406 नए कर्मचारियों की नियुक्ति की है। मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स 2025 में कुल 60 नए शोरूम खोलने की योजना पर काम कर रहा है। अप्रैल 2025 में कंपनी मध्य पूर्व, ब्रिटेन और कनाडा में पांच और शोरूम का उद्घाटन करेगी। कंपनी ने अपने ब्रांड एंबेसडर और लोकप्रिय अभिनेता एनटीआर जूनियर के साथ एक कंज्यूमर अवेयरनेस कैंपेन भी शुरू किया है, जो हॉलमार्क ज्वेलरी, प्रमाणित नेचुरल डायमंड्स और सस्टेनेबल प्रैक्टिसेज को लेकर ब्रांड की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मालाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, हमारा लक्ष्य वैश्विक विस्तार के साथ-साथ गुणवत्ता, पारदर्शिता और विश्वस्-तरीय खरीदारी अनुभव को नए बाजारों में पहुंचाना है। यह हमारे नंबर-वन ज्वेलरी और लक्जरी ब्रांड बनने के विजन का हिस्सा है।

## 70 साल का इंतजार खत्म, 1954 से लंबित सड़क का सपना साकार, जल्द होगा उद्घाटन

जय चौधरी

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले के रिसड़ा ग्राम पंचायत के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग-2 को जोड़ने वाली सड़क, जिसका इंतजार लोग 1954 से कर रहे थे, अब तेजी से बन रही है। 1.5 किलोमीटर लंबी इस सड़क के पूरा होने से रिसड़ा, कोन्ननगर, डानकुनी और श्रीरामपुर के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। यह सड़क रिसड़ा पंचायत के उप प्रधान शहादत हुसैन के अथक प्रयास एवं श्रीरामपुर लोकसभा सीट के सांसद कल्याण बनर्जी, विधायक डॉ. सुदीप्त राय और मंत्री प्रदीप मजूमदार के सहयोग से पथश्री योजना के तहत 98 लाख की लागत से बनाई जा रही है। इस सड़क का नामकारण विधायक डॉक्टर सुदीप्त राय ने भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मार्ग किया है। हुगली जिले के रिसड़ा ग्राम पंचायत के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग-2



को जोड़ने वाली सड़क का नाम भारत रत्न से सम्मानित पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखा गया है। यह सड़क 'डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मार्ग' के नाम से जानी जाएगी। एक बड़ी आबादी को सड़क का लाभ मिलेगा और उनका आवागमन सुगम होगा।

**❑ 1954 में हुई थी घोषणा, अब मिलेगा लाभ**

रिसड़ा पंचायत के उप प्रधान शहादत हुसैन ने बताया कि इस सड़क की घोषणा 1954 में हुई थी, लेकिन अज्ञात कारणों से इसका निर्माण अटका रहा। जगह पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर रखा था जिसे मुक्त कराया गया। आम जनता की मांग को देखते हुए उन्होंने इसके लिए प्रयास किए और अब यह सड़क जल्द ही पूरी हो जाएगी। इसके बन जाने से राष्ट्रीय राजमार्ग-2 से रिसड़ा,श्रीरामपुर और कोन्ननगर का संपर्क सुगम होगा, जिससे यात्रियों और व्यापारियों को लाभ मिलेगा।

**❑ 62 लाख की लागत से बनेगा भूमिगत नाला**

इसके अलावा, क्षेत्र में 62 लाख की लागत से भूमिगत नाला भी बनाया जाएगा, जिससे जल निकासी व्यवस्था सुधरेगी। इस परियोजना से निर्मल बंगला मिशन को बल मिलेगा, जिससे स्वच्छता बढ़ेगी और बरसात में डेंगू, मलेरिया और हैजा जैसी बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सकेगा।

**❑ बंगाल में तेज़ी से हो रहा विकास**

उप प्रधान शहादत हुसैन ने कहा कि 2011 के बाद से बंगाल प्रगति के शिखर पर है। शहरी और ग्रामीण इलाकों में सड़कें, स्ट्रीट लाइट, शौचालय, जल निकासी, बिजली और शुद्ध पेयजल की सुविधाएं तेजी से बढ़ी हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में राज्य सरकार बेहतर नागरिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। जल्द ही इस सड़क का उद्घाटन किया जाएगा, जिससे लाखों लोगों को राहत मिलेगी और क्षेत्र में विकास की नई राह खुलेगी।

## पूर्व रेलवे ने मिशन महिला सुरक्षा के तहत महिला यात्रियों के लिए जीरो टॉलरेंस नीति लागू की

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए मिशन महिला सुरक्षा एक महत्वपूर्ण पहल बन गई है। इसके तहत रेलवे सुरक्षा बल महिला यात्रियों के लिए आरक्षित कोचों के दुरुपयोग के खिलाफ शून्य सहिष्णुता नीति को लागू कर रहा है। हावड़ा, शालीमार, आसनसोल और मालदह डिवीजन के आरपीएफ अधिकारियों ने महिला यात्रियों के लिए आरक्षित कोचों में गश्त लगाते हुए कानून लागू किया। यह सुनिश्चित करते हुए कि केवल योग्य और वैध महिला यात्री ही इन कोचों में यात्रा कर सकें। इस दौरान महिला आरक्षित कोच में यात्रा करने के आरोप में कई व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। 12 मार्च 2025 को रेलवे अधिनियम के तहत 36 व्यक्तियों को पकड़ा गया, जबकि 15 मार्च को 14, 16 मार्च को 20, 17 मार्च को 59, 18 मार्च को 77 और 19 मार्च को 68 व्यक्तियों को आरक्षित कोच नियमों का उल्लंघन करने पर गिरफ्तार किया गया। पूर्व रेलवे और रेलवे सुरक्षा बल ने मिशन महिला सुरक्षा के तहत अपने प्रयासों को लगातार मजबूत किया है ताकि अपराधियों को रोका जा सके और सभी महिला यात्रियों को सुरक्षित और संरक्षित यात्रा मिल सके।

## ईडन गार्डन्स में आईपीएल टी-20 क्रिकेट मैचों के लिए चलेंगी अतिरिक्त लोकल

**कोलकाता, समाज्ञा :** क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक अच्छी खबर है। पूर्व रेलवे द्वारा कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले जाने वाले आगामी आईपीएल टी-20 क्रिकेट मैचों के लिए देर रात विशेष लोकल ट्रेनें चलाने जा रहा है। क्रिकेट प्रेमियों की सुविधा के लिए दो अतिरिक्त ईएमयू ट्रेनें चलाने का निर्णय गया लिया है। मैच के दिनों में यात्री यातायात में वृद्धि को देखते हुए, पूर्व रेलवे प्रिंसेप घाट और बारासात के बीच तथा बारुईपुर और बी.बी.डी. बाग के बीच दो अतिरिक्त ईएमयू ट्रेनें चलाएगा। ये विशेष ट्रेनें दर्शकों के लिए उनके गंतव्य तक वापस जाने के लिए सुविधाजनक और प्रभावी परिवहन विकल्प प्रदान करेंगी। इसके तहत, प्रिंसेप घाट-बारासात ईएमयू विशेष, प्रिंसेप घाट से 22 मार्च, 23 मई और 25 मई को रात 23:50 बजे रवाना होगी और देर रात 01:00 बजे बारासात पहुंचेगी। वहीं, बी.बी.डी. बाग-बारुईपुर ईएमयू विशेष, बी.बी.डी. बाग से 23 मार्च, 24 मई और 26 मई को देर रात 00:02 बजे चलेगी और उसी दिन 01:32 बजे बारुईपुर पहुंचेगी।

## भारतीय रेलवे ने हावड़ा स्टेशन पर सफाई, स्वच्छता और यात्रियों की सुविधा का किया निरीक्षण

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे ने सफाई, स्वच्छता और यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए हावड़ा स्टेशन पर एक व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। इस निरीक्षण का नेतृत्व मनु गोयल, पर्यावरण और हाउसकीपिंग प्रबंधन के अतिरिक्त सदस्य, रेलवे बोर्ड ने किया। इस दौरान उन्होंने सफाई, स्वच्छता और ऑन-बोर्ड हाउसकीपिंग सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त डिवीजनल रेलवे प्रबंधक/ऑपरेशन/हावड़ा सौरीश मुखर्जी, वरिष्ठ डीईएनएचएम/हावड़ा, सत्येंद्र कुमार तिवारी, वरिष्ठ डीएमई/चेंज और ट्रेन सेट/हावड़ा अभिनव बंसल, एसीएम/एचजी/हावड़ा उदय शंकर ठाकुर तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस निरीक्षण के दौरान



श्री गोयल ने हावड़ा स्टेशन के प्लेटफार्मों, पेड-एंड-यूज टॉयलेट्स, फूड प्लाजा, बेस किचन और अन्य यात्री सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद श्री गोयल ने सफाई और स्वच्छता बनाए रखने के प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने ट्रेनों में सफाई सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार ओबीएचएस के प्रदर्शन की भी सराहना की और ट्रेनों को साफ-सुथरा और अच्छी तरह से बनाए रखने के उनके प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर मनु गोयल ने कहा, हमारे यात्रियों के लिए एक स्वच्छ और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। भारतीय रेलवे लगातार अपनी सेवाओं में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि किसी भी समस्या का समाधान किया जा सके और हमारे यात्री एक सहज और आनंदमय यात्रा का अनुभव कर सकें।

## आईकॉनिक वाईट ने सिर्फ 344 दिनों में 50 लाख केस की बिक्री का मील का पत्थर किया पार

**कोलकाता, समाज्ञा :** एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स (एबीडी), ने अपने प्रमुख ब्रांड आईकॉनिक वाईट के जरिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, इस ब्रांड ने 50 लाख (5 मिलियन) केस की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है, जबकि तीन सप्ताह अभी बाकी हैं। आईकॉनिक वाईट की अभूतपूर्व वृद्धि ने प्रेस्टीज एंड अबव स्पिरिट्स सेगमेंट में एबीडी की स्थिति को और मजबूत किया है। सितंबर 2023 में लॉन्च होने के बाद से, इस ब्रांड ने अपनी आकर्षक डिजाइन और उपभोक्ताओं की तगड़ी मांग के चलते तेजी से लोकप्रियता हासिल की है। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स के एमडी आलोक गुप्ता ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि, आईकॉनिक वाईट ने युवा उपभोक्ताओं के बीच भारत का नंबर वन ट्रेंडिंग ब्रांड बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस ब्रांड ने कई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी जीते हैं, जिनमें इंटरनेशनल स्पिरिट्स चैलेंज (आईएससी) 2024 और इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन (आईडबल्यूसी) 2024 में गोल्ड मेडल शामिल हैं।

## ग्लेनमार्क फार्मा ने भारत में ग्लेम्पा रेंज के लॉन्च के साथ कार्डियोमेटाबोलिक पोर्टफोलियो का किया विस्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड ने भारत में एम्पाग्लिफ्लोजिन और इसके फिक्स्ड-डोज कॉम्बिनेशन (एफडीसी) को ग्लेम्पा, ग्लेम्पा-एल और ग्लेम्पा-एम ब्रांड नामों के तहत लॉन्च किया है। यह कदम हृदय संबंधी जोखिमों को संबोधित करते हुए टाइप 2 डायबिटीज मेलिटस (टी2डीएम) के लिए प्रभावी उपचार समाधान प्रदान करने के उद्देश्य से उठाया गया है। एम्पाग्लिफ्लोजिन, एक प्रमुख एसजीएलटी 2 अवरोधक, जो ग्लाइसेमिक नियंत्रण में सुधार, वजन घटाने में मदद और टी2डीएम रोगियों में हृदय-गुर्दे के जोखिम को कम करने में सहायक है। नैदानिक अध्ययन इसके लाभों को स्पष्ट करते हैं, जिसमें ईएमपीए-आरईजी परीक्षण में प्रमुख हृदय संबंधी घटनाओं में 14% की कमी देखी गई है। नई ग्लेम्पा रेंज में ग्लेम्पा (एम्पाग्लिफ्लोजिन 10/25 मिलीग्राम), ग्लेम्पा-एल (एम्पाग्लिफ्लोजिन + लिनाग्लिप्टिन), और ग्लेम्पा-एम (एम्पाग्लिफ्लोजिन + मेटफॉर्मिन) शामिल हैं। ग्लेनमार्क के अध्यक्ष और भारत फॉर्मूलेशन व्यवसाय के प्रमुख आलोक मलिक ने कहा, ग्लेम्पा रेंज टी2डीएम और इससे जुड़े हृदय संबंधी जोखिमों को प्रबंधित करने के लिए एक किफायती और व्यापक समाधान प्रदान करती है।

## डॉ. डे ने बताया प्रोस्टेट सर्जरी का नया और आसान तरीका

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रोस्टेट की समस्याओं के लिए अब ऑपरेशन ही एकमात्र विकल्प नहीं है। फोर्टिस अस्पताल, कोलकाता के सीनियर इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट डॉ. मौसम डे के अनुसार, प्रोस्टेट आर्टरी एम्बोलाइजेशन (पीएई) प्रोस्टेट बढ़ने (बीपीएच) का सुरक्षित और कम दर्द वाला इलाज है। इस प्रक्रिया में प्रोस्टेट ग्रंथि में रक्त प्रवाह को रोककर उसे धीरे-धीरे सिकुड़ने दिया जाता है, जिससे पेशाब संबंधी समस्याओं में राहत मिलती है। डॉ. डे के अनुसार, पीएई 75-90% मामलों में सफल रहा है और एक-दो सप्ताह में असर दिखाता है। मरीजों को मूत्र नियंत्रण बेहतर होने और नोक्टुरिया में कमी जैसी राहत मिलती है। हालांकि हल्के दर्द, संक्रमण या पेशाब में कठिनाई जैसे जोखिम हो सकते हैं, लेकिन ये जल्दी ठीक हो जाते हैं। सर्जरी से बचना चाहने वालों के लिए पीएई एक अच्छा विकल्प बन रहा है।

## कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च की छोटी एसआईपी – 'छोटी रकम, बड़ा कदम'

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोटक म्यूचुअल फंड ने आज छोटी एसआईपी (स्मॉल टिकट एसआईपी) सुविधा लॉन्च करने की घोषणा की है। यह सुविधा कोटक महिंद्रा म्यूचुअल फंड की सभी पात्र योजनाओं में उपलब्ध होगी। हाल ही में सेबी और एएमएफआई द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य अधिक लोगों को म्यूचुअल फंड निवेश से जोड़ना है। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर निलेश शाह ने कहा, भारत में सिर्फ 5.4 करोड़ यूनिक निवेशक म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं। एसआईपी निवेशकों के लिए एक बेहतरीन शुरुआत है और अब छोटी एसआईपी के जरिए कोई भी व्यक्ति मात्र 250 रुपये से निवेश शुरू कर सकता है। यह वास्तव में 'छोटी रकम, बड़ा कदम' है जो आम लोगों को संपत्ति निर्माण की ओर प्रेरित करेगा।

## हटसन एग्रो ने भीमावरम में अपना 4000वां एचएपी डेली आउटलेट खोलकर रिटेल क्षेत्र में अपनी स्थिति और मजबूत की

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की अग्रणी निजी क्षेत्र की डेयरी कंपनी, हटसन एग्रो प्रॉडक्ट लिमिटेड ने आंध्र प्रदेश के भीमावरम में अपना 4000वां एचएपी डेली आउटलेट खोलकर एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। यह उपलब्धि कंपनी की ताजे और उच्च गुणवत्ता वाले डेयरी उत्पादों को उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एचएपी डेली आउटलेट्स तमिलनाडु, पुडुचेरी, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, केरल, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, गोवा, गुजरात और अंडमान निकोबार द्वीप समूह में उपलब्ध हैं। इन आउटलेट्स में आइसक्रीम, दूध, दही, छाछ, पनीर, योगर्ट, जूस, चॉकलेट और मक्खन जैसे उत्पाद बेचे जाते हैं। हटसन एग्रो के चेयरमैन आर.जी. चंद्र मोगन ने कहा, यह उद्घाटन उपभोक्ताओं को ताजे और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम अपने डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को सशक्त बना रहे हैं और ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## रसना ने लॉन्च किया दुनिया का पहला ज्यादा रिच, थिक और टेस्टी पाउडर कॉन्संट्रेट

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय परिवारों के प्रिय पेय रसना ने 'रसना रिच' नाम से एक नया और अनूठा पाउडर कॉन्संट्रेट लॉन्च किया है। यह स्वादिष्ट और ज्यादा रिच है, और 10 रुपये के पैक से 3 गिलास पेय तैयार किया जा सकता है, जिससे प्रति गिलास कीमत केवल 3 रुपये बनती है। नया उत्पाद आम, ऑरेंज, लेमन, पाइनएप्पल और मिक्सफ्रूट जैसे फ्लेवर्स में उपलब्ध है। आम का फ्लेवर खासकर ग्राहकों के बीच बहुत लोकप्रिय है, जिसे अब पूरे साल आसानी से उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाएगा। रसना रिच विटामिन और मिनरल्स से भरपूर है, जो इसे और भी विशेष बनाता है। इस नए उत्पाद की लॉन्चिंग के साथ, रसना ने भारतीय उपभोक्ताओं को किफायती मूल्य पर उच्च गुणवत्ता का अनुभव देने का वादा किया है। इसके अलावा, रसना ने 2025 की गर्मियों को ध्यान में रखते हुए एक दिल छूने वाला विज्ञापन अभियान भी शुरू किया है, जो ग्राहकों को पुराने यादों में खो जाने का अवसर देता है।

## आइकू ने 2025 के लिए अपने ग्रहाप न चीफ गेमिंग ऑफिसर (उग्रह्ज) की खोज शुरू की, इस पद के लिए कंपनी देगी 10 लाख

**नई दिल्ली/कोलकाता :** हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आइकू ने 2025 के लिए जेन जेड चीफ गेमिंग ऑफिसर (सीजीओ) की तलाश शुरू कर दी है। 18-25 वर्ष के युवाओं के लिए यह पद स्मार्टफोन को-क्रिएट करने, ब्रांड के ईस्पोर्ट्स विजन का नेतृत्व करने और भारत के टॉप गेमर्स के साथ जुड़ने का अवसर देगा। आइकू इंडिया की वेबसाइ (www.आइकू.com/in/activity/cgo) पर रजिस्ट्रेशन खुले हैं और आखिरी तारीख 30 मार्च 2025 है। सीजीओ को 10 लाख रुपये का इनाम मिलेगा और वह दुनिया भर के गेमिंग इवेंट्स में ब्रांड का प्रतिनिधित्व करेगा। आइकू ने हाल ही में डायनामो गेमिंग, गेमरफ्लीट, मोर्टल, पायल गेमिंग, स्काउट, श्रीमान लीजेंड और अनग्रेजुएट गेमर के साथ मिलकर को-क्रिएशन अभियान चलाया। सीईओ निपुण मार्या ने कहा कि आइकू युवाओं को ईस्पोर्ट्स में सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## स्प्लिट्ज बाय एवरीडे ने आईपीएल 2025 के लिए आरसीबी के साथ साझेदारी की

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत में मॉड्युलर किचन एक्सेसरीज के प्रमुख ब्रांड 'स्प्लिट्ज बाय एवरीडे' ने आईपीएल 2025 के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ आधिकारिक किचन एक्सेसरीज पार्टनर के रूप में साझेदारी की है। इस साझेदारी का उद्देश्य आरसीबी के प्रशंसकों को प्रीमियम किचन सॉल्यूशंस प्रदान करना है। इस अभियान का निर्माण ओबेरॉय आईबीसी द्वारा किया गया है। स्प्लिट्ज बाय एवरीडे के बिक्री और विपणन निदेशक, निर्मल परेश लुनागरिया ने कहा, हम आईपीएल 2025 के लिए आरसीबी के साथ साझेदारी करने को लेकर उत्साहित हैं। मारुति इंटीरियर्स प्रोडक्ट्स लिमिटेड की स्थापना 2000 में हुई थी और यह कंपनी अब तक 800 से अधिक उत्पादों का निर्माण कर चुकी है। कंपनी का लक्ष्य आने वाले वर्षों में अपने उत्पादों को और विस्तृत करना है।

# 2026 चुनाव में भाजपा बंगाल में जीतेगी 180 सीटें : शुभेंदु अधिकारी

## भाजपा नेता ने दी चेतावनी... 'ममता बनर्जी को भूतपूर्व मुख्यमंत्री बनाकर रहूंगा'

**पूर्व मेदिनीपुर :** नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को दावा किया कि राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा कम से कम 180 सीटें जीतेगी। शुभेंदु ने अपने गृह जिले पूर्व मेदिनीपुर के तमलुक में एक जुलूस का नेतृत्व करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों से शपथ लेने का आह्वान करते हुए कहा कि राज्य में पार्टी की कम से कम 180 सीटों पर जीत सुनिश्चित हो। इसी के साथ उन्होंने हुंकार भरते हुए चेतावनी दी कि मैं ममता बनर्जी को भूतपूर्व मुख्यमंत्री बनाकर रहूंगा। हाल में राज्य के विभिन्न स्थानों पर हुई हिंसा और



मंदिरों में तोडफ़ोड़ की घटनाओं के खिलाफ कलकत्ता हाई कोर्ट की अनुमति से तमलुक में पार्टी द्वारा आयोजित जुलूस का शुभेंदु ने नेतृत्व किया। जुलूस तमलुक के राजबाड़ी मैदान से शुरू हुआ और तमलुक अस्पताल चौराहे पर समाप्त हुआ। पूर्व सांसद व शुभेंदु के भाई दिव्येंदु अधिकारी, मोयना से भाजपा विधायक अशोक डिंडा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय पार्टी नेता व कार्यकर्ता इस जुलूस में शामिल हुए। जुलूस में चलते हुए शुभेंदु ने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर आप ईंट फेंकेंगे, तो आपको भी इसका मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। उन्होंने कहा कि हिंदू जाग गए हैं। शुभेंदु ने कहा कि बंगाल में कानून और व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। उन्होंने ममता बनर्जी और तृणमूल पर मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति में लिप्त रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस तालिबानी सरकार को बंगाल से हटाना होगा। उन्होंने ममता हटाओ का नारा भी लगाया। शुभेंदु ने जुलूस के समापन पर खुदीराम बोस की प्रतिमा के सामने खड़े होकर कहा, इस जिले ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दो लोकसभा सीटें दी हैं। कार्यकर्ताओं व लोगों से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा- आप सभी शपथ लीजिए, हम आगामी विधानसभा चुनाव में इस जिले की सभी 16 सीटों पर भाजपा को जिताएंगे। राज्य में हमारी संख्या कम से कम 180 होगी।

## संदेशखाली ग्रामीण अस्पताल के विकास के लिए राज्य सरकार ने दिए आठ करोड़

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने वादे को पूरा करते हुए संदेश-खाली के ग्रामीण अस्पताल के विकास के लिए आठ करोड़ की राशि मंजूर कीहै। इस राशि से अस्पताल का बुनियादी ढांचा सुधारा जाएगा और मौजूदा 30 बिस्तरों की संख्या बढ़ाकर 60 किया जाएगा। जिससे इलाके के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। पश्चिम बंगाल सरकार ने इस धनराशि को मंजूर कर संदेशखाली के विधायक सुकुमार माहतो को पत्र भेजा है। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री की ओर से भेजे गए पत्र में स्पष्ट रूप से अस्पताल के विस्तार और सुविधाओं के सुधार की बात कही गई है। उन्होंने कहा, अब जल्द ही काम शुरू होगा और इलाके के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। उल्लेखनीय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पिछले साल दिसंबर में संदेश-खाली का दौरा किया था, जहां उन्होंने अस्पताल की बदहाल स्थिति को देखते हुए इसके विकास की घोषणा की थी। उन्होंने महसूस किया कि 30 बिस्तरों वाला यह अस्पताल इलाके के मरीजों के लिए पर्याप्त नहीं है।

# दुधमुंही बेटी के हत्यारे पिता को आजीवन कारावास



**हुगली, समाज्ञा :** दुधमुंही बेटी के हत्यारे पिता शेख कमाल हुसैन को चंदन नगर महकमा कोर्ट ने गुरुवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट सूत्रों के अनुसार, शेख कमाल हुसैन को अपनी पांच माह की बेटी की हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। घटना दस नवंबर 2013 को हुई थी। हरिपाल के सहदेव पंचायत के गसा गांव निवासी शेख कमाल हुसैन ने अपनी बेटी की हत्या गर्दन में चाकू मार कर कर दी थी। आरोप है कि घटना के दिन हुसैन ने अपनी बेटी की हत्या कर श्मशान घाट की ओर जा रहा था। तभी कई लोगों ने उसे देखा था। उन्होंने कमाल की पत्नी को इसकी सूचना दी। बाद में, पुलिस ने बच्ची का शव अपने कब्जे में ले लिया और मां रेजिना बेगम की शिकायत के आधार पर कमल को गिरफ्तार कर लिया। उस समय रेजिना ने आरोप लगाया था कि उसके पति ने सुबह करीब 4 बजे उसकी बेटी को उससे छीनकर भागने की कोशिश की थी। कमाल अपने ससुराल वालों की आपत्ति के बावजूद बच्ची को लेकर वहां से चला गया। बाद में, बच्ची का गला कटा हुआ शव हरिपाल में कौशिक नदी के बांध पर मिला। चंदननगर महकमा अदालत में करीब 11 साल से चल रहे हत्या के मामले में गुरुवार को चंदननगर फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश जगतज्योति भट्टाचार्य ने दोषी कमाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सरकारी वकील ने कहा कि कुल 21 गवाहों में से 19 ने कमाल के खिलाफ गवाही दी। कमाल ने दावा किया था कि वह मानसिक रूप से बीमार है, लेकिन मेडिकल परीक्षणों से यह पूरी तरह गलत साबित हुआ।

## साकेत गोखले के भाषण के बाद गृह मंत्री को उबरने के लिए एक दिन चाहिए था : डोला सेन



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** राज्यसभा की कार्यवाही गुरुवार को किसी कामकाज के बिना स्थगित किए जाने के बीच तृणमूल कांग्रेस की सांसद डोला सेन ने चुटकी लेते हुए कहा कि उनकी पार्टी के साकेत गोखले द्वारा बुधवार को उच्च सदन में दिए गए भाषण के बाद संभवत: गृह मंत्री अमित शाह को उबरने के लिए एक दिन चाहिए था। उल्लेखनीय है कि बुधवार को उच्च सदन में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा हुई थी। चर्चा की शुरुआत करते हुए गोखले ने गृह मंत्री और उनके मंत्रालय पर तीखी टिप्पणी की। उनके भाषण के दौरान सत्ता पक्ष के सदस्यों ने काफी टोका-टोकी की। भाषण के बीच स्वयं गृह मंत्री शाह, सदन के नेता जेपी नड्डा तथा संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने हस्तक्षेप करते हुए गोखले की टिप्पणियों की आलोचना की। गृह मंत्रालय के कामकाज पर तृणमूल की ओर से बोलने वाली दूसरी वक्ता डोला सेन हैं जिन्हें गुरुवार को बोलना था किंतु सदन में आज कोई कामकाज नहीं हो पाने के कारण उनका भाषण नहीं हो सका। इस दिन, सेन ने संवाददाताओं से कहा कि मैं अपने भाषण के साथ तैयार थी जिसमें गृह मंत्रालय की सात विफलताओं को उजागर किया जाना था। किंतु हो सकता है कि साकेत गोखले के बुधवार के भाषण के बाद अमित शाह को उबरने के लिए एक दिन का समय चाहिए था।

# रामनवमी आयोजन को लेकर हिंदू संगठनों में बढ़ा उत्साह

**❑ जुलूसों की संख्या में एक हजार तक बढ़ोतरी की योजना**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर बढ़ते हमलों की पृष्ठभूमि में इस वर्ष पश्चिम बंगाल में रामनवमी का आयोजन बड़े पैमाने पर होने जा रहा है। हिंदू संगठनों ने इस वर्ष रामनवमी जुलूसों की संख्या में कम से कम 25 फीसदी की वृद्धि करने का लक्ष्य रखा है। बता दें कि राज्य में रामनवमी सहित विभिन्न हिंदू त्योहारों का आयोजन मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े संगठन हिंदू जागरण मंच द्वारा किया जाता है। इसके अलावा, विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) भी इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संघ परिवार से जुड़े सूत्रों के अनुसार, पिछले वर्ष बंगाल में छोटे-बड़े मिलाकर लगभग 815 रामनवमी जुलूस निकले थे, जबकि इस वर्ष यह संख्या एक हजार से अधिक होने की संभावना है। हिंदू जागरण मंच के प्रवक्ता कमलेश पांडे ने कहा कि हर साल रामनवमी उत्सव का विस्तार हो रहा है। पिछले वर्ष कई स्थानों पर भगवान श्रीराम की पूजा के साथ जुलूस निकले थे। इस बार, यह आयोजन और व्यापक होगा। हिंदू समाज पर बढ़ते हमलों को देखते हुए लोग अब अधिक संगठित हो रहे हैं। हमारा अनुमान है कि इस बार कम से कम 25 फीसदी अधिक जुलूस निकलेंगे। संघ से जुड़े एक अन्य नेता ने कहा कि वे सीधे रामनवमी आयोजनों में भाग नहीं लेते, लेकिन इस कार्यक्रम की योजना और रूपरेखा तैयार करने में उनकी भूमिका रहती है। इस वर्ष भी संघ ने बंगाल के हिंदुओं से रामनवमी के दिन अधिक संख्या में बाहर निकलने का आह्वान किया है। संघ के पूर्वी क्षेत्र के सह-प्रचार प्रमुख जिष्णु बोस ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर ने कहा था कि भारत के अन्य राज्यों के लोग अपने व्यक्तिगत जीवन से लेकर युद्ध तक भगवान श्रीराम का अनुसरण कर खुद को तैयार करते हैं, लेकिन बंगाली समाज ऐसा करने में पीछे रह गया। अब बांग्लादेश की स्थिति को देखकर हर बंगाली को रामनवमी के दिन खुद को तैयार करना चाहिए और संकल्प लेना चाहिए।

**CHANGE OF NAME & ADDRESS**

This is to notify the public that my name was previously Mina Singh, which has now been changed to Meena Singh. My address is 269 G T Road Rd Mall Prithvi building 3rd floor liluah 711204. In the future, please refer to me by my new name and address.Old Name: Mina Singh,New Name: Meena Singh,Old Address: 7 Sanatan Mistry Lane 4th floor Howrah 711106,New Address: 269 G T Road Rd Mall Prithvi building 3rd floor liluah 711204




शोभाबाजार में जोड़ाबागान ट्रैफिक गार्ड की ओर से 'सेफ ड्राइव सेफ लाइफ' जागरुकता अभियान चलाया गया

## बेलगछिया में पानी की पाइपलाइन फटने से मचा हड़कंप, जलभराव और बिजली के खंभे गिरे

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा नगरपालिका के आठवें वार्ड के बेलगछिया भागार इलाके में पानी की पाइपलाइन फटने से हड़कंप मच गया। गुरुवार की सुबह इस घटना के बाद, पूरे इलाके के लोग डर के मारे अपने घरों से बाहर निकल आए। मिली जानकारी के मुताबिक, भागार क्षेत्र के आसपास की इलाकों में पानी की आपूर्ति करने वाली पाइपलाइन फट गई, जिससे पीने के पानी में गंदगी मिल गई। पाइपलाइन फटने के कारण बड़ी मात्रा में पानी बाहर बहने लगा और सी रोड, बी रोड समेत अन्य स्थानों में जलभराव हो गया। इसके बाद, पानी के दबाव में बिजली के खंभे भी गिर पड़े। हालांकि, नगर प्रशासनिक परिषद के अध्यक्ष सुजॉय चक्रवर्ती ने कहा कि युद्धकालीन तत्परता के साथ पाईप लाइन की मरम्मत का काम चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही लिलुआ थाना पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद, बिजली आपूर्ति विभाग को फोन करके विद्युत कनेक्शन को काटा गया और नगर निगम के अधिकारियों को सूचित कर पानी की आपूर्ति को बंद कर दिया गया, ताकि स्थिति को नियंत्रण में लाया जा सके। हालांकि, स्थानीय लोगों का आरोप है कि हावड़ा नगरपालिका ने इस गंदगी के दबाव की निगरानी में लापरवाही बरती, जिसके कारण यह संकट उत्पन्न हुआ।



## हावड़ा के बाउड़िया जूट मिल में आग से हड़कंप

**हावड़ा, समाज्ञा :** एक बार फिर हावड़ा में अगलगी की घटना घटी। बाउड़िया जूट मिल की यूनिट 2 में गुरुवार के तड़के भीषण आग लग गई, जिससे मिल में अफरातफरी मच गई। आग इतनी तेज थी कि पूरी यूनिट जलकर खाक हो गई। सूत्रों के मुताबिक, तड़के करीब 3 बजे श्रमिकों ने यूनिट से धुआं निकलते देखा, जो देखते ही देखते भयंकर आग में बदल गया। आग तेजी से फैली और जब तक दमकल विभाग पहुंचता, यूनिट पूरी तरह जल चुकी थी। दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया। आग लगने का सटीक कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है, लेकिन शॉर्ट सर्किट या मशीनरी में खराबी को वजह माना जा रहा है। सौभाग्य से इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, क्योंकि यूनिट सुबह के समय बंद थी। फिलहाल, अग्निशमन विभाग और पुलिस मामले की जांच कर रही है और मिल प्रबंधन से आग लगने के संभावित कारणों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

## ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी की सड़क हादसे में मौत

**हुगली, समाज्ञा :** गुरुवार की दोपहर आरामबाग कोर्ट से पुरसुड़ा लौटने के दौरान ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी की एक लॉरी की टक्कर से मौत हो गई। मृतक कांस्टेबल की पहचान सुजीत कुमार पंडित (55) के रूप में हुई, जो आरामबाग के बुलंदी गांव के निवासी थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लॉरी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। तृणमूल कांग्रेस के सांगठनिक अध्यक्ष सपन नंदी मौके से गुजर रहे थे और उन्होंने घायल पुलिसकर्मी को प्रफुल्ल चंद्र सेन मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ सुप्रभात चक्रवर्ती और थाना प्रभारी राकेश सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने लॉरी को जब्त कर लिया और चालक व खलासी की तलाश जारी है। यह हादसा पुलिस कर्मियों की सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि दोषियों को जल्द पकड़ा जाए और मृतक के परिवार को उचित मुआवजा व सहायता दी जाए।

## लॉरी की टक्कर में साइकिल सवार की मौत, एक घायल

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के हल्दिया-मेचेदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां तेज रफ्तार लॉरी ने एक साइकिल सवार और मशीन वैन को टक्कर मार दी। इस हादसे में साइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मशीन वैन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह दुर्घटना भंडारबेरिया इलाके में सुबह करीब 7 बजे हुई। लॉरी निमतौरी की ओर तेज गति से जा रही थी, तभी उसने साइकिल सवार और मशीन वैन को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही तामलुक पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद हाईवे पर यातायात फिर से सामान्य हुआ। घायल मशीन वैन चालक को ताम्रलिप्त सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। फरार लॉरी चालक की तलाश जारी है, और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# बालागढ़ पुलिस ने अवैध अफीम की खेती के खिलाफ छापेमारी और कार्रवाई की

**हुगली, समाज्ञा :** ग्रामीण पुलिस द्वारा अवैध अफीम की खेती के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में, जिले के बालागढ़ पुलिस स्टेशन ने अवैध रूप से उगाए गए अफीम के पौधों के खिलाफ कार्रवाई की। हुगली ग्रामीण जिला पुलिस के बालागढ़ थाने की विशेष टीम ने गोपनीय सूचना मिलने के बाद आज बालागढ़ थाने के रुकेशपुर गांव के आसपास विभिन्न इलाकों में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व हुगली ग्रामीण जिला पुलिस के डीएसपी क्राइम अभिजीत सिन्हा महापात्रा, सीआई सौमेन विश्वास, बालागढ़ थाने के ओसी सोमदेव पात्रा सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने



किया। पुलिस ने श्रीजा कमालपुर ग्राम पंचायत के रुकेशपुर इलाके में कई स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने लगभग 8-12 कट्ठा भूमि पर उगाई गई अवैध अफीम की फसल को नष्ट कर दिया। अवैध अफीम की खेती पूरी तरह से प्रतिबंधित है और इससे विभिन्न प्रकार की हानिकारक दवाओं का निर्माण किया जाता है। पुलिस अब इस अवैध खेती के पीछे के साजिशकर्ताओं का पता लगाने के लिए जांच में जुटी हुई है।

# गड़िया में दम्पति की रहस्यमय मौत

**❑ पति का शव छत से लटका तो पत्नी का रक्तरंजित शव बेड पर मिला**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के गड़िया इलाके में एक मकान से गुरुवार को पुलिस ने एक किराएदार दम्पति की लाश बरामद की। पुलिस व स्थानीय लोगों के अनुसार, मृत दम्पति के नाम तरुण दास (45) व आशा दास (35) है। आदर्श पल्ली के किराए के मकान के एक ही कमरे से दोनों के शव बरामद हुए। मकान में पति तरुण दास का शव छत से लटका मिला, जबकि उनकी पत्नी आशा दास का रक्तरंजित शव बिस्तर पर पड़ा था। खबर लिखे जाने तक पुलिस यह नहीं बता पा रही थी की उक्त मामला हत्या का है या फिर वारदात के पीछे कोई



अन्य कारण है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गत बुधवार की दोपहर के बाद जब वे लोग काम से लौटे तो दम्पति काफी प्रसन्न थे। दम्पति ने पड़ोसियों से बात की और चुटकुले भी सुनाए। लेकिन किसी ने यह नहीं सोचा था कि इस तरह से वे लोग मृत पाए जाएंगे। मृतकों के दो बच्चे भी हैं। दोनों पति-पत्नी कामकाजी थे। इसी मकान में आशा दास की बहन भी अपने परिवार के साथ किराए पर रहती थी। आशा की बहन के बेटे ने ही स्कूल से लौटने पर सबसे पहले अपने मामा-मामी के शव देखे और पड़ोसियों को घटना की सूचना दी।

पड़ोसियों का दावा है कि आशा बिस्तर पर पड़ी मिली थी। उसकी गर्दन पर गहरा घाव था और गाल से खून बह रहा था। बहरहाल, पुलिस भी यह भी मान कर चल रही है कि पति तरुण दास ने पहले अपनी पत्नी आशा की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। लेकिन तरुण ने अपनी पत्नी की हत्या क्यों की, उक्त बात का जवाब पुलिस के पास नहीं है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की कई कोणों से जांच कर रही है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: ई-टेंडर/2025/09, दिनांक 19.03.2025**; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए मदों के समक्ष उल्लेखित तारीख को **अपराह्न 3.00 बजे से पहले** ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं तथा **अपराह्न 3.30 बजे खोली** जाएंगी। **क्रमांक एवं निविदा सं., कार्य का विवरण, निविदा मूल्य, बयाना राशि** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **(1) ई-केजीपी-वेस्ट-09-2025**, मंडल अभियंता/पश्चिम/खड़गपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन (i) बालीचक-खड़गपुर: टीआरआर(पी)-5.555 टीकेएम, खड़गपुर-टाटानगर: टीआरआर(पी)-1.664 टीकेएम, (ii) बालीचक-खड़गपुर: टीआरआर(एस)-8.527 टीकेएम, (iii) बालीचक-नीमपुरा: टीएफआर-7.1 टीकेएम तथा (iv) बालीचक-टाटानगर: टीबीआर-8.587 टीकेएम कार्यों का निष्पादन; रु. 2,09,34,459.24; रु. 2,54,700; **(2) ई-केजीपी-वेस्ट-10-2025**, मंडल अभियंता/वेस्ट/खड़गपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन बालीचक-रक्षामाइन्स: टीटीआर-130 सेट तथा खड़गपुर यार्ड: टीटीआर-73 सेट; रु. 2,89,23,923.25; रु. 2,94,600/-; **(3) ई-केजीपी-वेस्ट-11-2025**, सहायक मंडल अभियंता/झाड़ग्राम के अधीन वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (पी.वे) के लिए मानव एवं सामग्रियों के परिवहन हेतु प्रयोग के लिए 15 महीने हेतु 04टी क्षमता वाली ट्रक तथा 90 दिनों के लिए 10टी क्षमता वाली ट्रक किराए पर लेना (दूसरा आमंत्रण); रु. 12,69,767.10; रु. 25,400; **(4) ई-केजीपी-वेस्ट-12-2025**, सहायक मंडल अभियंता/डब्ल्यू/खड़गपुर के अधीन वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (पी.वे) के लिए मानव एवं सामग्रियों के परिवहन हेतु प्रयोग के लिए 15 महीने हेतु 04टी क्षमता वाली ट्रक तथा 90 दिनों के लिए 10टी क्षमता वाली ट्रक किराए पर लेना (दूसरा आमंत्रण); रु. 12,69,767.10; रु. 25,400; **(5) ई-केजीपी-एचक्यू-09-2025**, सहायक मंडल अभियंता/तमलुक के क्षेत्राधिकार के अधीन पाँशकुड़ा-हल्दिया अनुभाग में थ्रू रेल रिन्यूवल (प्राइमरी) यानी 8.25 टीआर. किमी का टीआरआर(पी) कार्य का निष्पादन (दूसरा आमंत्रण); रु. 1,11,24,496.48; रु. 2,05,600; **(6) ई-केजीपी-ईस्ट-23-2025**, मंडल अभियंता/ईस्ट/खड़गपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन हावड़ा-खड़गपुर अनुभाग में थ्रू बैलास्ट रिन्यूवल (टीबीआर)-40.566 किमी कार्य का निष्पादन; रु. 3,73,21,609.68; रु. 3,36,600/-; **(7) ई-केजीपी-ईस्ट-24-2025**, मंडल अभियंता/ईस्ट/खड़गपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन हावड़ा-खड़गपुर अनुभाग में थ्रू टर्नआउट रिन्यूवल (टीटीआर)-371 सेटों के कार्य का निष्पादन; रु. 2,53,51,613.36; रु. 2,76,800; **(8) ई-केजीपी-ईस्ट-25-2025**, मंडल अभियंता/ईस्ट/खड़गपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन खड़गपुर मंडल में ट्रैक नवीनीकरण तथा रखरखाव कार्य के संबंध में आरडीएसओ द्वारा अनुमोदित 60 किग्रा/90यूटीएस रेल (450 अदद ज्वाइंट) तथा 60 किग्रा/60ईआई-आर260 ग्रेड रेल (3035 अदद) के अल्युमिनो थर्मिक वेल्डिंग हिस्सों का निर्माण एवं आपूर्ति तथा आईआर विनिर्देश के अनुसार सिंगल शॉट क्रूसिबल द्वारा वेल्डिंग इन-सीटू (कुल 3485 ज्वाइंट); रु. 78,78,926.34; रु. 1,57,600/-; **(9) ई-केजीपी-ईस्ट-26-2025**, मंडल अभियंता/ईस्ट/खड़गपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन हावड़ा-खड़गपुर अनुभाग में थ्रू टर्नआउट रिन्यूवल (टीटीआर)-87 सेट तथा डिरेलिंग स्विच (डीएस)-15 सेट के कार्य का निष्पादन; रु. 2,76,99,310.78; रु. 2,88,500/-; **(10) ई-केजीपी-ईस्ट-27-2025**, मंडल अभियंता/ईस्ट/खड़गपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन हावड़ा-खड़गपुर अनुभाग में रेलों-68.088 टीआर. किमी की पेंटिंग कार्य का निष्पादन; रु. 85,64,322.90; रु. 1,71,300/-; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** प्रत्येक के लिए रु. 0.00; **खुलने की तारीख:** क्रमांक 1 से 4 के लिए 08.04.2025 तथा क्रमांक 5 से 10 के लिए 10.04.2025; **कार्य समापन अवधि:** क्रमांक 1, 2, 6, 7, 8 एवं 9 के लिए 12 महीने, क्रमांक 3 एवं 4 के लिए 15 महीने, क्रमांक 5 के लिए 08 महीने तथा क्रमांक 10 के लिए 06 महीने। **बोली शुरू होने की तारीख:** क्रमांक 1 से 4 के लिए 25.03.2025 से 08.04.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक, क्रमांक 5 से 10 के लिए 27.03.2025 से 10.04.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। निविदाओं के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देश के लिए इच्छुक निविदातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑन लाइन जमा करें। इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र:** प्रत्याशित बोलीदातागण सभी निविदाओं में भाग लेने हेतु नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। (PR-1252)

**Metro Railway, Kolkata**

प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक द्वारा माह **अप्रैल/25 के लिए दिनांक 11.04.2025 और 23.04.2025, मई/25 के लिए दिनांक 14.05.2025 और 28.05.2025, जून/25 के लिए दिनांक 12.06.2025 और 25.06.2025** को मेट्रो रेलवे, कोलकाता की रिलीज की गई और स्क्रैप सामग्री के निपटान के लिए ई-नीलामी बिक्री आमंत्रित की जाती है।

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. डब्ल्यू_एलएलएच_28_2024-25, दिनांक 18.03.2025**, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/बिजली, कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु तकनीकी संपन्न निविदाकारों से ई-निविदा (खुली निविदा) ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** एलएलएचडब्ल्यू-हाई मास्ट टावर एवं पोल के प्रबंध द्वारा रेलवे कॉलोनी, बीईएसवाई, एलसीडी, आरई बीईआरआरएसीके क्षेत्रों की प्रकाशीय व्यवस्था में सुधार। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु.2,07,78,129.62, **बयाना राशि :** रु. 2,53,900/-, **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 09.04.2025 एवं 14.00 बजे। वेबसाइट जहाँ निविदा का संपूर्ण विवरण उपलब्ध है: **www.ireps.gov.in** MISC-394/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (साधारण)/ पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **(1) निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1204-2024-25, दिनांक 18.03.2025, कार्य का विवरण:** एक (01) वर्ष के लिए सियालदह और कोलकाता टर्मिनलों से शुरू होने वाले विभिन्न रेकों के पावर कारों और एलएसएलआरडी के कमिन्स, ग्रीव्स और केओईएल प्रस्तुतकारक 500 केवीए, 750 वी डी.ए. (डीजल अल्टरनेटर) सेट का परिचालन एवं रखरखाव (ए-चेक) एवं एसएसई/टीएल तथा एसी/एमएलडीटी और बीजीपी के कार्यक्षेत्र में 1 वर्ष की अवधि के लिए मालदा मंडल के एलएचबी रेकों के पावर कारों में प्रदत्त 500 केवीए डीजी सेट (कमिन्स, ग्रीव्स और केओईएल प्रस्तुतकारक) के परिचालन एवं रखरखाव का आउटसोर्सिंग। **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.10,000/-, **निविदा मूल्य:** रु. 4,46,13,978/-, **बयाना राशि:** रु. 3,73,100/- **समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा प्रकाशन की तिथि :** दिनांक 18.03.2025, **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 09.04.2025 को 15.00 बजे। **निविदा बोली के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 09.04.2025 को 15.00 बजे। **निविदा बोली के प्रारंभ होने की तिथि :** दिनांक 26.03.2025, निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

SDAH-385/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

भारत के राष्ट्रपति की ओर एवं उनके लिए उप मुख्य विद्युत अभियंता/आरएस/सी, दमदम कार डिपो कॉम्प्लेक्स, मेट्रो रेलवे, कोलकाता-700090 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** "13 अदद आईसीएफ-बीएचईएल एसी रेकों (एमआर-301, एमआर-302, एमआर-303, एमआर-304, एमआर-305, एमआर-306, एमआर-307, एमआर-308, एमआर-309, एमआर-310, एमआर-311, एमआर-312 और एमआर-313 रेक) में फिट किए हुए मेधा प्रस्तुतकारक के टीआईएमएस के लिए दो वर्ष हेतु व्यापक वार्षिक रखरखाव ठेका (एएमसी)"। **निविदा मूल्य: रु.82,54,360.27, बयाना राशि: रु.1,65,100.00, अंतिम तिथि और समय:** 16.04.2025 को 12.30 बजे तक (आईएसटी)। **सूचना पट का पता:** उप मुख्य विद्युत अभियंता/आरएस/सी, दमदम कार डिपो कॉम्प्लेक्स, मेट्रो रेलवे, कोलकाता-700090 का कार्यालय। **वेबसाइट का विवरण:** https://www.ireps.gov.in

निविदा सूचना सं.: एमआर-ईएल-आरएस-एनओए-ओटी-24-25-02आर1

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**प्रयोग के तौर पर धीना स्टेशन में ट्रेनों का ठहराव**

नीचे उल्लेखित ट्रेनों को दानापुर मंडल के तहत **धीना** स्टेशन में नीचे उल्लेखित अनुसूची के अनुसार प्रयोग के तौर पर ठहराया जाएगा:-

| ट्रेन सं. एवं नाम | ठहरने का समय | | ठहराव |
|---|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान | (प्रभावी होने की तिथि) |
| 13005 हावड़ा-अमृतसर मेल [प्रभावी होने की तारीख (जेसीओ) 23.03.2025] | 06.21 | 06.23 | 24.03.2025 |
| 13006 अमृतसर-हावड़ा मेल [प्रभावी होने की तारीख (जेसीओ) 22.03.2025] | 18.24 | 18.26 | 23.03.2025 |
| 15733 बालूरघाट-बठिण्डा जंक्शन फरक्का एक्सप्रेस [प्रभावी होने की तारीख (जेसीओ) 24.03.2025] | 08.15 | 08.17 | 25.03.2025 |
| 15734 बठिण्डा जंक्शन-बालूरघाट फरक्का एक्सप्रेस [प्रभावी होने की तारीख (जेसीओ) 22.03.2025] | 18.40 | 18.42 | 23.03.2025 |

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**ईडन गार्डन्स में आईपीएल टी-20 क्रिकेट मैच की रात को अतिरिक्त ईएमयू स्पेशल ट्रेनें**

ईडन गार्डन्स में आयोजित होने वाले आईपीएल टी-20 (दिन और रात) क्रिकेट मैचों को देखने के लिए दर्शकों की प्रत्याशित भीड़ को संभालने हेतु, दिनांक **22/23.03.2025, 23/24.05.2025 और 25/26.05.2025 की मध्यवर्ती रात्रि को प्रिंसेप घाट और बारासात** तथा **बी.बी.डी. बाग और बारुईपुर** के बीच दो अतिरिक्त ईएमयू स्पेशल ट्रेनें नीचे उल्लिखित समयसूची के अनुसार चलेंगी:

| स्टेशन | 22.03.25, 23.05.25 एवं 25.05.25 को प्रिंसेप घाट-बारासात ईएमयू स्पेशल ट्रेन | 23.03.25, 24.05.25 एवं 26.05.25 को बीबीडी बाग-बारुईपुर ईएमयू स्पेशल ट्रेन |
|---|---|---|
| बारासात | 01.00 | – |
| मध्यमग्राम | 00.53 | – |
| बिराटी | 00.44 | – |
| दमदम कैंट. | 00.38 | – |
| दमदम जं. | 00.32 | – |
| कोलकाता | 00.19 | – |
| बागबाजार | 00.11 | – |
| बी.बी.डी. बाग | 23.59-00.00 | 00.02 |
| ईडन गार्डेन्स | 23.55-56 | 00.06-07 |
| प्रिंसेप घाट | 23.50 | 00.12 |
| माझेरहाट | – | 00.23-25 |
| न्यू अलीपुर कोलकाता | – | 00.28 |
| माइल-5बी केबिन | – | 00.33 |
| बालीगंज | – | 00.50-01.00 |
| सोनारपुर | – | 01.17 |
| बारुईपुर | – | 01.32 |

उपर्युक्त ईएमयू स्पेशल ट्रेनें मार्ग में सभी स्टेशनों पर रुकेंगी।

मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



कोलकाता के ईडन गार्डन्स में अभ्यास सत्र के दौरान विराट कोहली

# कप्तानों की सहमति के बाद बीसीसीआई ने आईपीएल में लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध हटाया

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बृहस्पतिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के ज्यादातर कप्तानों की सहमति के बाद आगामी चरण में गेंद पर लार के इस्तेमाल से प्रतिबंध हटा दिया है जिससे यह कोविड-19 महामारी के बाद लार के उपयोग को फिर से शुरू करने वाला पहला बड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट बन गया है। शनिवार से शुरू होने वाले आईपीएल के आगामी चरण से पहले मुंबई में कप्तानों की बैठक में यह फैसला लिया गया। बीसीसीआई के एक शीर्ष अधिकारी ने पीटीआई को बताया, 'लार पर प्रतिबंध हटा दिया गया है। अधिकांश कप्तान इस कदम के पक्ष में थे। कुछ को फिर से इसे शुरू करने को लेकर संदेह था, कुछ तटस्थ रहे लेकिन अधिकांश ने इस कदम का समर्थन किया।' अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कोविड-19 महामारी के दौरान एहतियात के तौर पर गेंद को चमकाने के लिए लार लगाने की सदियों पुरानी प्रथा पर प्रतिबंध लगा दिया था और बाद में 2022 में विश्व संस्था ने इस प्रतिबंध को स्थायी कर दिया था। आईपीएल ने भी कोविड-19 महामारी के बाद लीग में खेल की शर्तों में आईसीसी प्रतिबंध को शामिल किया, लेकिन इसके दिशानिर्देश खेल की संचालन संस्था के दायरे से बाहर हैं। इस तरह बृहस्पतिवार को लिए गए इस फैसले से आईपीएल कोविड-19 महामारी के बाद लार के उपयोग को फिर से शुरू करने वाला पहला बड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट बन गया है। मुंबई में बैठक बीसीसीआई कार्यालय में दोपहर 12.30 बजे शुरू होने वाली कप्तानों की बैठक कुछ टीम अधिकारियों के देरी से पहुंचने के कारण समय पर शुरू नहीं हो पाई। अब जब आईपीएल में प्रतिबंध हटा लिया गया है तो आईसीसी भी इस विषय पर अपने रुख की समीक्षा कर सकता है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भारत के सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने गेंद पर लार के इस्तेमाल की जरूरत के बारे में बात की थी वरना यह पूरी तरह से बल्लेबाजों के पक्ष में हो जायेगा। दक्षिण अफ्रीका के वेर्नोन फिलैंडर और न्यूजीलैंड के टिम साउदी ने भी इसका समर्थन किया था। कप्तानों की बैठक के एजेंडे में विवादास्पद 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम भी था जिसे बीसीसीआई ने पहले ही कम से कम 2027 तक बढ़ा दिया है।



## सिराज ने कहा, लार पर प्रतिबंध हटने से रिवर्स स्विंग में मदद मिलेगी

**बेंगलुरु :** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अगले सत्र से पहले गेंद पर लार लगाने पर से प्रतिबंध हटाने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के फैसले का तहेदिल से स्वागत करते हुए कहा कि इससे गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग करने में मदद मिलेगी। सिराज ने पीटीआई से कहा, 'यह गेंदबाजों के लिए बहुत अच्छी खबर है। यह हम सभी गेंदबाजों के लिए शानदार खबर है क्योंकि जब गेंद से किसी तरह की मदद नहीं मिल रही हो तब इस पर लार लगाने से रिवर्स स्विंग हासिल करने की संभावना बढ़ जाती है।'

## क्रिस्टी कोवेंट्री बनी आईओसी अध्यक्ष, वैश्विक ओलंपिक संस्था का नेतृत्व करने वाली पहली महिला




**कोस्टा नवारिना:** क्रिस्टी कोवेंट्री को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) का अध्यक्ष चुना गया, वह वैश्विक ओलंपिक संस्था का नेतृत्व करने वाली पहली महिला और अफ्रीका की पहली सदस्य हैं। जिम्बाब्वे की खेल मंत्री और ओलंपिक में दो बार की स्वर्ण पदक विजेता तैराक क्रिस्टी (41 वर्ष) ने आईओसी सदस्यता में 97 आईओसी सदस्यों द्वारा मतदान के बाद सात उम्मीदवारों की प्रतिस्पर्धा में पहले दौर में शानदार जीत हासिल की। उन्हें 2033 तक आठ साल का कार्यकाल मिला है। आईओसी अध्यक्ष पद के लिए यह दशकों में सबसे खुला और मुश्किल से तय होने वाला चुनाव था जिसमें मतदान से पहले स्पष्ट रूप से कोई आगे नहीं था। कई ने भविष्यवाणी की थी कि पूर्ण बहुमत हासिल करने के लिए कई दौर के मतदान की जरूरत हो सकती है। कोवेंट्री की जीत निवर्तमान आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक की भी जीत थी क्योंकि वह लंबे समय से उन्हें अपने उत्तराधिकारी के रूप में बढ़ावा देते हुए दिख रहे थे। बाक ने अपने मतदान के अधिकार का उपयोग नहीं किया। कोवेंट्री ने अध्यक्ष चुने जाने के बाद कहा, 'मैं आप सभी को गौरवान्वित करूंगी और उम्मीद है कि आप अपने द्वारा लिए गए निर्णय पर बहुत आश्वस्त होंगे। अब हमें मिलजुलकर काम करना होगा।' पोडियम पर जाते समय उन्हें जुआन एंटोनियो समारांच ने बधाई दी और दोनों गालों पर चूमा। समारांच उनके सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी थे जिन्हें 28 वोट मिले। चुनाव में अध्यक्ष पद की इस दौड़ में खेल संचालन संस्थाओं के चार अध्यक्ष भी शामिल थे जिसमें ट्रैक और फील्ड के सेबेस्टियन को (आठ वोट), स्कीइंग के जोहान एलियाश, साइक्लिंग के डेविड लैपर्टिएंट और जिमनास्टिक के मोरिनारी वतनबे। जॉर्डन के राजकुमार फैसल अल हुसैन भी इस दौड़ में शामिल थे। कोवेंट्री 23 जून को आधिकारिक तौर पर ओलंपिक दिवस पर अपने मेंटोर बाक की जगह लेंगी।

## केकेआर और एलएसजी के बीच छह अप्रैल का मुकाबला गुवाहाटी में होना तय

**कोलकाता :** बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने बृहस्पतिवार को कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का छह अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ होने वाला घरेलू मैच गुवाहाटी में स्थानांतरित किया जाना तय है क्योंकि पुलिस ने शहर में इस दिन 'रामनवमी' के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए सुरक्षा प्रदान करने में असमर्थता व्यक्त की है। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने घोषणा की थी कि त्योहार मनाने के लिए पश्चिम बंगाल में 20,000 से अधिक समारोह किए जा रहे हैं। गांगुली ने पीटीआई को बताया, 'हमने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को मैच को बाद में कराने के लिए सूचित किया है लेकिन शहर में इस मैच को बाद में कराने की कोई गुंजाइश नहीं है और अब मुझे सुनने में आ रहा है कि इसे गुवाहाटी में स्थानांतरित किया जा रहा है।' हालांकि आईपीएल की ओर से आधिकारिक बयान आना अभी बाकी है। आईपीएल के 2024 सत्र में भी रामनवमी पर सुरक्षा व्यवस्था की कमी के कारण केकेआर और राजस्थान रॉयल्स के बीच आईपीएल मैच की तारीख को बदलना पड़ा था। गांगुली ने कहा, 'मैंने कोलकाता पुलिस के साथ कई दौर की बातचीत की और उन्होंने कहा कि वे उस दिन पर्याप्त सुरक्षा प्रदान नहीं कर पाएंगे।'

## हरियाणा के उज्जवल चौधरी ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

**नवी मुंबई :** हरियाणा के उज्जवल चौधरी ने गुरुवार को यहां इंडियन ओपन थ्रो प्रतियोगिता में पुरुषों के चक्का फेंक (अंडर-20) में 59.34 मीटर प्रयास के साथ नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। प्रतियोगिता में हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर रहे चौधरी ने अपने पांचवें प्रयास में 59.34 मीटर की दूरी तक चक्का फेंका और 2014 में सचिन दलाल द्वारा बनाए गए 58.11 मीटर के पिछले अंडर-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ा। इस बीच पुरुषों की भाला फेंक में छह खिलाड़ियों को सीधे फाइनल में प्रवेश दिया गया है। इनमें ओलंपियन शिवपाल सिंह, रोहित यादव और साहिल सिलवाल शामिल थे। शेष छह एथलीट गुरुवार को क्वालिफिकेशन राउंड से गुजरे। क्वालीफिकेशन में कर्नाटक के शशांक पाटिल 72.48 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे।



## चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने पर भारतीय टीम को बीसीसीआई की ओर से 58 करोड़ रूपये नकद पुरस्कार

**नयी दिल्ली :** बीसीसीआई ने दुबई में इस महीने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के लिये 58 करोड़ रूपये नकद पुरस्कार का ऐलान किया। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम ने फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर तीसरी बार चैम्पियंस ट्रॉफी जीती। यह पुरस्कार खिलाड़ियों, कोचिंग और सहयोगी स्टाफ और अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति को मिलेगा। बोर्ड ने अपने बयान में यह नहीं बताया कि किसे कितना पुरस्कार मिलेगा। बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने एक बयान में कहा, 'लगातार दो आईसीसी खिताब जीतना खास है। यह पुरस्कार विश्व स्तर पर टीम इंडिया की प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता के लिये है।' बिन्नी ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी की जीत भारत के मजबूत क्रिकेट इको सिस्टम की बानगी है। उन्होंने कहा, 'यह 2025 में हमारा दूसरा आईसीसी खिताब है। आईसीसी अंडर 19 महिला टीम ने भी विश्व कप जीता। इससे साबित होता है कि देश में क्रिकेट का इको सिस्टम कितना मजबूत है।' भारतीय टीम ने पिछले साल टी20 विश्व कप भी जीता था। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने कहा कि इस जीत से साबित होता है कि भारत सीमित गेंद के प्रारूपों में शीर्ष रैंकिंग का हकदार है।

## न्यूज ब्रीफ

### पहले तीन आईपीएल मैचों में रियान पराग होंगे रॉयल्स के कप्तान

**नयी दिल्ली :** उदीयमान स्टार रियान पराग पहले तीन आईपीएल मैचों में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान होंगे क्योंकि नियमित कप्तान संजू सैमसन को ऊंगली की सर्जरी के बाद बीसीसीआई ने विकेटकीपिंग से मना किया है जिसके मायने है कि वह इन मैचों में सिर्फ बतौर बल्लेबाज ही उपलब्ध होंगे। इंग्लैंड के खिलाफ मुंबई में टी20 मैच के दौरान सैमसंग की ऊंगली में फ्रेक्चर हो गया था जिसके बाद उन्हें छोटी सर्जरी करानी पड़ी। उन्हें बल्लेबाजी की अनुमति मिल गई है लेकिन बेंगलूरू में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र की मेडिकल और खेल विज्ञान टीमों ने उन्हें ऊंगली को कुछ और आराम देने की सलाह दी है।

### भारत ने 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए बोली पेश की: खेल मंत्रालय सूत्र

**नयी दिल्ली :** भारत ने गुजरात में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए अपनी बोली पेश की है। खेल मंत्रालय के एक शीर्ष सूत्र ने बृहस्पतिवार को पीटीआई को यह जानकारी दी। खेलों की मेजबानी में दिलचस्पी दिखाने से संबंधित दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च थी और भारत का पत्र भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा कुछ दिन पहले भेजा गया था। सूत्र ने कहा, 'हां, यह सच है, भारत की बोली आईओए और गुजरात राज्य द्वारा प्रस्तुत की गई है।' यह तब हुआ जब खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने हाल में कहा था कि देश खेलों की मेजबानी करने में रुचि रखता है। भारत ने अंतिम बार 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की थी और देश का लक्ष्य 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने का भी है।

### आईपीएल के 17 सत्र में अंपायर रहे अनिल चौधरी अब करेंगे कमेंट्री

**नयी दिल्ली :** अनिल चौधरी ने आईपीएल के पिछले 17 सत्र में अंपायर की भूमिका निभाई थी लेकिन पिछले सप्ताह 60 वर्ष के होने के बाद अब वह इस सत्र में कमेंटेटर की भूमिका में नजर आएंगे। इस तरह से यह उनका अंपायरिंग से संन्यास लेने का संकेत है। चौधरी का विदाई मैच पिछले महीने नागपुर में केरल और विदर्भ के बीच रणजी ट्रॉफी फाइनल था।



## अगले वित्त वर्ष में सेवा निर्यात 450 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखें : गोयल

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने देश के सेवा निर्यात की अच्छी वृद्धि का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इस क्षेत्र को अगले वित्त वर्ष में वस्तु निर्यात को पीछे छोड़ते हुए 450 अरब डॉलर तक पहुंचने का लक्ष्य रखना चाहिए। गोयल ने यह स्वीकार किया कि मौजूदा वैश्विक स्थिति में वस्तु व्यापार को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यहां 'नैसकॉम ग्लोबल कॉन्फ्लूएंस 2025' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा क्षेत्र को वित्त वर्ष 2025-26 में 450 अरब डॉलर और इस वित्त वर्ष में लगभग 385-390 अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य रखना चाहिए। गोयल ने कहा, 'आपको अगले साल वस्तु निर्यात को पीछे छोड़ देना चाहिए। आंकड़ों से दिख रहा है कि सेवाओं के क्षेत्र में वृद्धि बहुत तेज रही है।' वित्त वर्ष 2023-24 में देश का सेवा निर्यात 341 अरब डॉलर रहा था। चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में सेवा निर्यात 14.1 प्रतिशत बढ़कर 354.9 अरब डॉलर हो गया है। इसके उलट वस्तु निर्यात 2023-24 में 3.1 प्रतिशत की गिरावट के साथ 437 अरब डॉलर पर आ गया। चालू वित्त वर्ष में फरवरी तक वस्तु निर्यात 0.06 प्रतिशत बढ़कर 395.6 अरब डॉलर है।



# बिल गेट्स ने स्टार्टअप के बनाए गए कीटनाशक 'स्प्रेयर' पर आजमाया हाथ

**छत्रपति संभाजीनगर (महाराष्ट्र) :** माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने एक स्टार्टअप के नए कीटनाशक 'स्प्रेयर' पर अपना हाथ आजमाया है। स्टार्टअप द्वारा विकसित यह कीटनाशक 'स्प्रेयर' किसानों के लिए एक अधिक सुविधाजनक और कुशल विकल्प है, जिससे उन्हें एक समय में अधिक फसलों को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। इस 'स्प्रेयर' को स्थानीय इंजीनियर योगेश गावंडे ने तैयार किया है। गावंडे ने महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में इस उत्पाद के निर्माण के लिए 2019 में एक कंपनी का गठन किया था। बिल गेट्स ने 17 मार्च को नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) में गावंडे की उपस्थिति में 'स्प्रेयर' चलाने का प्रयास किया। मराठवाड़ा एक्सेलरेटर फॉर ग्रोथ एंड इनक्यूबेशन काउंसिल (मैजिक) कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बुधवार को गवांडे ने कहा, 'मैंने पहली बार अपने इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के दौरान एक प्रोजेक्ट के हिस्से के रूप में 'स्प्रेयर' बनाया था।' उन्होंने बताया कि इस 'स्प्रेयर' की मदद से किसानों को कीटनाशकों के छिड़काव के लिए भारी रासायनिक टैंक को अपनी पीठ पर ढोने की जरूरत नहीं है। पहियों पर चलने वाले इस अभिनव उपकरण की मदद से अब वे एक ही समय में फसलों की चार पंक्तियों पर रसायनों का छिड़काव कर सकते हैं।



## शिक्षा जगत, स्टार्टअप, विद्यार्थी, शोधकर्ता मिलकर नए समाधान तैयार करें: वैष्णव



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को शिक्षा जगत, स्टार्टअप, विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं से नए समाधान विकसित करने के लिए परस्पर साथ आने और इस पुरानी मानसिकता को छोड़ने का आग्रह किया कि सरकार को ही सब कुछ करना चाहिए। स्वदेशी वेब ब्राउजर और चिप्स टू स्टार्ट अप (सी2एस) कार्यक्रम के विजेताओं को पुरस्कृत देते हुए मंत्री ने कहा कि भारत एक महान सेवा प्रदाता राष्ट्र रहा है। अब इसे एक उत्पादन करने वाला राष्ट्र भी बनना चाहिए। वैष्णव ने कहा, 'केवल कुछ सरकारी संस्थान ही सब कुछ विकसित करेंगे की पुरानी मानसिकता के स्थान पर अब एक नई मानसिकता को जन्म दिया है, जहां...शिक्षा जगत, स्टार्टअप, छात्र और शोधकर्ता...को नए समाधान तैयार करने के लिए एक साथ आना चाहिए।' उन्होंने कहा कि सेवा एक महान उद्योग है जिसे निरंतर विकसित होना चाहिए लेकिन साथ ही भारत को एक विनिर्माण करने वाला राष्ट्र भी बनने की आवश्यकता है मंत्री ने स्वदेशी ब्राउज़र के विकास पर उनके काम के लिए टीम ज़ोहो को एक करोड़ रुपये का पहला पुरस्कार, टीम पिंग को 75 लाख रुपये का दूसरा पुरस्कार और टीम अजना को 50 लाख रुपये का तीसरा पुरस्कार दिया। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने कहा कि भारत के भीतर डेटा की सुरक्षा के लिए स्वदेशी ब्राउज़र की आवश्यकता है और ऐसे ब्राउज़र की आवश्यकता है जिन पर पूरी तरह से भरोसा किया जा सके।

## सेंसेक्स 899 अंक की छलांग से 76,000 अंक के पार, निफ्टी 283 अंक चढ़ा

**मुंबई :** वैश्विक बाजारों के मिले-जुले संकेतों के बीच दिग्गज कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार चौथे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 899 अंक की तेजी रही जबकि निफ्टी ने 283 अंक की छलांग लगाई। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती का अनुमान बरकरार रखने और दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और आईटी शेयरों में जोरदार खरीदारी से निवेशकों की धारणा को मजबूती मिली। बीएसई का 30 शेयर पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 899.01 अंक यानी 1.19 प्रतिशत उछलकर 76,000 अंक के स्तर के ऊपर 76,348.06 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 1,007.2 अंक बढ़कर 76,456.25 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 283.05 अंक यानी 1.24 प्रतिशत बढ़कर एक बार फिर 23,000 अंक के स्तर के ऊपर 23,190.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से भारती एयरटेल का शेयर सर्वाधिक 4.17 प्रतिशत चढ़ा। इसके साथ टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, नेस्ले, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और टाटा मोटर्स के शेयरों में भी तेजी रही। दूसरी तरफ इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तापसे ने कहा, 'सभी क्षेत्रों में खरीदारी आने से बाजार लगातार चौथे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। वर्ष 2025 में फेडरल रिजर्व के दो बार ब्याज दर में कटौती करने के संकेत और विदेशी निवेशकों की बिकवाली थमने की उम्मीद ने इस तेजी को समर्थन दिया।' अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था अब भी ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखने के लिए पर्याप्त स्वस्थ दिखती है।

## नए कानून के बाद पेट्रोलियम कंपनियों पर नहीं लगेगा अप्रत्याशित लाभ कर: पुरी

**नयी दिल्ली :** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि राजकोषीय स्थिरता का वादा करने वाला नया कानून लागू होने के बाद तेल एवं गैस कंपनियों को अप्रत्याशित लाभ कर जैसे किसी भी नए कर का सामना नहीं करना पड़ेगा। संसद ने तेल-क्षेत्र (विनियमन और विकास) विधेयक, 2024 पारित किया है जो निवेशकों को नीतिगत स्थिरता प्रदान करता है, प्रावधानों को अपराध-मुक्त करता है और कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देता है। पुरी ने विधेयक पारित होने पर आयोजित एक समारोह में कहा, 'इस विधेयक के बाद अप्रत्याशित लाभ कर की तरह नए कर लगाना मुश्किल होगा क्योंकि कोई हम पर मुकदमा कर देगा (राजकोषीय स्थिरता का वादा पूरा करने में विफल रहने के लिए)।' तेल एवं गैस की खोज और उत्पादन में निवेश के इच्छुक निवेशक राजकोषीय स्थिरता चाहते हैं, और नए कर अक्सर इसमें बाधक बनते हैं। भारत ने एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ कर लगाया था। इसके साथ ही वह ईंधन कंपनियों के असाधारण लाभ पर कर लगाने वाले देशों की सूची में शामिल हो गया था। उस समय पेट्रोल और विमानन ईंधन पर छह रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 13 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया गया था। घरेलू कच्चे तेल के उत्पादन पर 23,250 रुपये प्रति टन का अप्रत्याशित लाभ कर भी लगाया गया था। दो सप्ताह में तेल की औसत कीमतों के आधार पर हर पखवाड़े इन कर दरों की समीक्षा की जाती थी। हालांकि, 30 महीने बाद पिछले साल दिसंबर में इस कर को समाप्त कर दिया गया था।



## न्यूज अपडेट

### सोना वायदा कीमतें 89,796 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर

**नयी दिल्ली :** मजबूत हाजिर मांग में तेजी के बीच सटोरियों के ताजा सौदे करने से बृहस्पतिवार को वायदा कारोबार में सोने का भाव अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 89,796 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सोने के अप्रैल में आपूर्ति वाले अनुबंध की कीमत 89,796 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। हालांकि बाद में थोड़ी गिरावट के साथ 88,870 रुपये प्रति 10 ग्राम आ गई। इसमें 13,084 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सोना नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोने का वायदा भाव भी रिकॉर्ड 3,065.09 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

### बीएमडब्ल्यू के वाहन अगले महीने से तीन प्रतिशत तक महंगे होंगे

**नयी दिल्ली :** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने अगले महीने से बीएमडब्ल्यू और मिनी कार श्रृंखला की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कार विनिर्माता इस साल दूसरी बार कीमतों में बढ़ोतरी करने जा रही है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप ने बयान में कहा, नई कीमतें एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी होंगी। इससे पहले दिन में, वाहन विनिर्माता कंपनी रेनो इंडिया ने अप्रैल से अपने सभी मॉडल की कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की घोषणा की। फरवरी, 2023 के बाद से रेनो इंडिया द्वारा घोषित यह पहली मूल्यवृद्धि है।

### मालाबार गोल्ड 600 करोड़ रुपये के निवेश से 12 नए शोरूम खोलेगी

**मुंबई :** खुदरा आभूषण विक्रेता मालाबार गोल्ड ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह चालू वित्त वर्ष के अंत तक 600 करोड़ रुपये के निवेश से 12 नए शोरूम खोलेगी। नए शोरूम मुंबई के पनवेल, पुणे के सिंहगढ़ रोड, ओडिशा के ब्रह्मपुर एवं सौभाग्य नगर, झारखंड के धनबाद, कर्नाटक के होस्पेट, नगरभावी एवं चित्रदुर्ग, आंध्र प्रदेश के नांदयाल, अमलापुरम एवं मछलीपट्टनम और उत्तर प्रदेश के वाराणसी में खोले जाएंगे। कंपनी ने एक बयान में कहा कि नए शोरूम खुलने के साथ ही उसके शोरूम की कुल संख्या बढ़कर 391 हो जाएगी। कंपनी ने कहा कि मौजूदा समय में 26 देशों के 25,000 से अधिक पेशेवर कार्यरत हैं। मालाबार गोल्ड वित्त वर्ष 2025-26 में भारत और विदेशों में 60 नए शोरूम खोलने की भी योजना बना रही है। इनमें से पांच स्टोर अप्रैल में पश्चिम एशिया, ब्रिटेन और कनाडा में शुरु किए जाएंगे। हालांकि कंपनी ने अगले वित्त वर्ष में विस्तार के लिए पूंजीगत व्यय का खुलासा नहीं किया। मालाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, 'हम वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक 600 करोड़ रुपये के निवेश से देश भर में 12 नए शोरूम खोलेंगे। यह एक विश्वसनीय ब्रांड के रूप में हमारी स्थिति को मजबूत करेगा।

### ईपीएफओ ने जनवरी में 17.89 लाख सदस्य जोड़े

**नयी दिल्ली :** सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने जनवरी में शुद्ध रूप से 17.89 लाख सदस्य जोड़े। बृहस्पतिवार को जारी पेरोल आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। श्रम मंत्रालय के अनुसार, यह सालाना आधार पर 11.67 प्रतिशत जबकि दिसंबर, 2024 की तुलना में 11.48 प्रतिशत की वृद्धि है। ईपीएफओ के अस्थायी पेरोल आंकड़ों के मुताबिक निकाय ने जनवरी में शुद्ध रूप से 17.89 लाख सदस्य जोड़े। आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन महीने में करीब 8.23 लाख नए सदस्य नामांकित हुए। इस दौरान जोड़े गए कुल नए सदस्यों में 18-25 आयु वर्ग के 4.70 लाख सदस्य के साथ इस श्रेणी की हिस्सेदारी 57.07 प्रतिशत रही। इससे पता चलता है कि देश के संगठित क्षेत्र के कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकतर सदस्य युवा हैं। आंकड़ों के मुताबिक, समीक्षाधीन महीने में ईपीएफओ की योजनाओं से बाहर चले गए लगभग 15.03 लाख सदस्य वापस आ गए। बयान के मुताबिक, जोड़े गए लाख नए सदस्यों में से करीब 3.44 लाख महिला सदस्य हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### आकाशीय बिजली गिरने से परिवार के तीन व्यक्तियों की मौत

**गाजीपुर (उप्र) :** गाजीपुर जिले के दिलदार नगर इलाके में बृहस्पतिवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक परिवार के तीन व्यक्तियों की मौत हो गई और मरने वालों में एक वर्षीय एक बच्चा भी शामिल है। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि कर्मा गांव निवासी रविशंकर कुशवाहा, उनकी पत्नी सरोज देवी (28) और उनके एक वर्षीय बेटे अंकुश कुशवाहा की पूर्वाह्न करीब 10 बजे कर्मा गांव तिराहे पर आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। दिलदार नगर थाने के प्रभारी अशोक कुमार मिश्रा ने बताया, यह हादसा उस समय हुआ, तब परिवार सरहुला गांव में सरोज देवी के माता-पिता के घर से मोटरसाइकिल पर घर लौट रहा था।'' उन्होंने बताया कि घटना के बाद तीनों को सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मिश्रा ने बताया, ''अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया।''

### जालना में 'बांग्लादेशियों' को जारी 3.5 हजार से अधिक जन्म प्रमाण पत्र रद्द किए गए: सोमैया

**जालना :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता किरीट सोमैया ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि महाराष्ट्र के जालना में बांग्लादेशियों को अवैध रूप से जारी किए गए 3,595 जन्म प्रमाण पत्रों को प्राधिकारियों ने रद्द कर दिया है। सोमैया ने जिलाधिकारी श्रीकृष्ण पांचाल से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह दावा किया। उन्होंने कहा, जालना जिले में बांग्लादेशी नागरिकों को कुल 8,551 जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए, जिनके लिए अंबद, भोकरदन, जालना और परतुर तहसीलों से आवेदन आए थे। इनमें से 3,595 आवेदन रद्द कर दिए गए हैं। बाकी भी रद्द कर दिए जाएंगे। सोमैया ने कहा, नायब तहसीलदारों के पास जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का अधिकार नहीं है, लेकिन उन्होंने नियमों को दरकिनार कर ऐसा किया है। अवैध रूप से जारी किए गए ऐसे जन्म प्रमाण पत्र रद्द कर दिए जाएंगे।

### बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 1500 नए अस्पताल भवनों का निर्माण होगा : मंगल पांडेय

**पटना :** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि अगले वित्तीय वर्ष में राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में 1500 से अधिक नए अस्पताल भवनों का निर्माण किया जाएगा। पांडेय ने यह घोषणा बिहार विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए स्वास्थ्य विभाग के 20,035.80 करोड़ रुपये के बजट प्रस्ताव पर चर्चा के बाद सरकार की ओर उत्तर देते हुए की। उन्होंने कहा, ''आज बिहार राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकार के कारण स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में से है। स्वास्थ्य सुविधाओं और बुनियादी ढांचे में वर्षों से राज्य में उल्लेखनीय रूप से सुधार हुआ है। वर्तमान में, राज्य में 12 चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल हैं। अगले वित्तीय वर्ष में, राज्य में 22 नए चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल खोले जाएंगे।''

### सट्टेबाजी ऐप के प्रचार को लेकर तेलुगु फिल्म अभिनेता दग्गुबाती, प्रकाश राज समेत अन्य पर मामला दर्ज

**हैदराबाद :** सट्टेबाजी ऐप का कथित तौर पर प्रचार करने को लेकर तेलुगु फिल्म अभिनेता राणा दग्गुबाती, प्रकाश राज, विजय देवरकोंडा समेत छह अभिनेताओं और 19 सोशल मीडिया इंफ्लुएंसरों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। मियांपुर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि अभिनेत्री लक्ष्मी मांचू, प्रणीता और निधि अग्रवाल के खिलाफ भी यह मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि इन कलाकारों और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसरों ने 'पॉप-अप' विज्ञापनों और अन्य माध्यमों से सट्टेबाजी ऐप का प्रचार किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले में 19 मार्च को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), जुआ अधिनियम और आईटी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# गेट्स फाउंडेशन महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर राज्य को मलेरिया मुक्त बनाएगा: फडणवीस

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि गेट्स फाउंडेशन महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर राज्य को मलेरिया मुक्त बनाएगा। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स और मेलिंडा फ्रेंच गेट्स द्वारा स्थापित यह संगठन वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य में सुधार, गरीबी को कम करने और शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि फडणवीस ने दक्षिण मुंबई स्थित सह्याद्री अतिथि गृह में बिल गेट्स से मुलाकात की और दोनों ने स्वास्थ्य, कृषि एवं बुनियादी ढांचा सुविधाओं के क्षेत्र



में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के इस्तेमाल पर चर्चा की। गेट्स इस समय भारत की यात्रा पर हैं। उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की। फडणवीस ने 'एक्स' पर लिखा, ''हमने विभिन्न विषयों पर बहुत अच्छी चर्चा की, जिसमें युवाओं, किसानों, गरीबों और महिलाओं के लिए महाराष्ट्र की पहल और योजनाएं शामिल हैं, जैसे लखपति दीदी और लाडकी बहिन योजना, जिसने आर्थिक उत्थान में बहुत योगदान दिया है।'' मुख्यमंत्री ने पोस्ट में कहा कि उन्होंने गेट्स के साथ राज्य में तेजी से बदलती नवीनतम प्रौद्योगिकियों और एआई-संचालित पहल को अपनाने पर भी चर्चा की। फडणवीस ने कहा, ''बिल गेट्स ने बताया कि महाराष्ट्र को मलेरिया मुक्त बनाने के लिए गेट्स फाउंडेशन हमारे साथ साझेदारी करेगा। हमने स्वास्थ्य, कृषि और बुनियादी ढांचे में एआई-संचालित प्रगति के साथ-साथ डेंगू नियंत्रण और नवाचार शहर साझेदारी पर भी चर्चा की।''

## डीआरआई ने बेंगलुरु हवाई अड्डे पर घाना की नागरिक से लगभग तीन किलोग्राम कोकीन जब्त की

**बेंगलुरु :** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) पर घाना की एक नागरिक से तीन किलोग्राम से अधिक कोकीन जब्त की। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। राजस्व खुफिया निदेशालय ने अपनी वेबसाइट पर कहा, ''डीआरआई ने बेंगलुरु हवाई अड्डे पर घाना एक नागरिक से 3.186 किलोग्राम कोकीन बरामद कर उसे गिरफ्तार किया।'' हालांकि, इस संबंध में 18 मार्च को गिरफ्तार की गई घाना की महिला की पहचान का खुलासा नहीं किया गया। तीन मार्च को, डीआरआई ने केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव से 12.56 करोड़ रुपये मूल्य की 14.2 किलोग्राम सोने की छड़ें जब्त की थीं।

## अदालत ने क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा के तलाक की मंजूरी दी



**मुंबई :** मुंबई की एक कुटुंब अदालत ने बृहस्पतिवार को क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी अलग रह रही पत्नी धनश्री वर्मा की आपसी सहमति से तलाक के लिए दायर संयुक्त याचिका को मंजूर कर लिया। एक-दूसरे से अलग रह रहे दंपति बांद्रा स्थित अदालत में पेश हुए। चहल के वकील नितिन गुप्ता ने बताया कि कुटुंब अदालत ने चहल और वर्मा द्वारा आपसी सहमति से तलाक के लिए दायर संयुक्त याचिका पर फैसला सुना दिया है। अदालत ने कहा कि दोनों पक्षों ने सहमति की शर्तों का पालन किया है। गुप्ता ने कहा, ''कुटुंब अदालत ने चहल और वर्मा द्वारा आपसी सहमति से तलाक के अनुरोध वाली संयुक्त याचिका मंजूर कर ली है।'' चहल और वर्मा की शादी दिसंबर 2020 में हुई थी। उनकी याचिका के अनुसार, वे जून 2022 में अलग हो गए। पांच फरवरी को, उन्होंने आपसी सहमति से तलाक का अनुरोध करते हुए कुटुंब अदालत में संयुक्त रूप से एक याचिका दायर की थी। उच्च न्यायालय ने बुधवार को कुटुंब अदालत को निर्देश दिया था कि वह बृहस्पतिवार तक तलाक की याचिका पर फैसला करे क्योंकि चहल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी क्रिकेट टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के कारण बाद में अदालत नहीं आ सकेंगे।

## बुजुर्ग महिला ने 'डिजिटल अरेस्ट' धोखाधड़ी में गंवाए 20 करोड़ रुपये, तीन लोग गिरफ्तार

**मुंबई :** दक्षिण मुंबई में रहने वाली 86 वर्षीय एक महिला ने 'डिजिटल गिरफ्तारी' धोखाधड़ी के दौरान दो महीने में 20 करोड़ रुपये से अधिक गंवा दिये। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जालसाजों में से एक ने महिला से पैसे ऐंठने के लिए खुद को 'सीबीआई अधिकारी' बताया था। पुलिस के अनुसार, 26 दिसंबर 2024 से इस साल तीन मार्च के बीच अंजाम दिये गए इस अपराध के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने पीड़िता को दो महीने तक घर पर ही रहने को मजबूर किया और हर तीन घंटे में फोन कर प्रतिदिन उसकी लोकेशन जानते रहे। उन्होंने बताया कि साइबर पुलिस ने उन बैंक खातों की पहचान करके महिला के 77 लाख रुपये के निकालने पर रोक लगाई, जिनमें धन हस्तांतरित किया गया था। इस महीने की शुरुआत में महिला द्वारा दर्ज कराई गई पुलिस शिकायत के अनुसार, उसे एक व्यक्ति का फोन आया जिसने खुद के सीबीआई अधिकारी होने का दावा किया और उसे बताया कि उसके 'आधार' कार्ड के जरिये एक बैंक खाता खोला गया है और उसका इस्तेमाल धनशोधन के लिए किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद उस व्यक्ति ने महिला से कहा कि मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रहा है और उसे अपने कमरे में ही रहना चाहिए।

## मोदी ने गुजरात के भरवाड़ समुदाय से प्राकृतिक खेती अपनाने, विकसित भारत में योगदान देने का आग्रह किया

**अहमदाबाद :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को गुजरात के भरवाड़ समुदाय से प्राकृतिक खेती अपनाने और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पेड़ लगाने का आग्रह किया। उन्होंने मुख्य रूप से मवेशी पालन करने वाले भरवाड़ समुदाय से 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने का भी आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अहमदाबाद के धोलेरा तालुका के बावलियाली धाम में एक धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में एकत्रित हुए समुदाय के सदस्यों को डिजिटल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा, ''हमने अपनी धरती माता को बहुत पीड़ा दी है क्योंकि हम लगातार पानी खींचते रहे और फिर उसमें जहरीले रसायन डालते रहे। अब,



इसे फिर से स्वस्थ बनाना हमारी जिम्मेदारी है और गाय का गोबर धरती को पुनर्जीवित करने में मदद कर सकता है। मैं आप सभी से प्राकृतिक खेती अपनाने और धरती माता की सेवा करने का आग्रह करता हूं।'' मोदी ने समुदाय से अपील की कि वे अपने मवेशियों को खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव के लिए केंद्र द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने वाले टीके अवश्य लगवाएं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''हमें अगले 25 साल में विकसित भारत का निर्माण करना है और इसके लिए मुझे आपके समुदाय का समर्थन चाहिए। पहला कदम हमारे गांवों को विकसित बनाना है।'' उन्होंने समुदाय के सदस्यों से कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड जो पहले केवल किसानों को जारी किया जाता था, अब इसका लाभ पशुपालकों को भी दिया है, जिससे वे कम ब्याज दरों पर ऋण प्राप्त कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''हम देशी गोवंश के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन भी चलाते हैं। आपको इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। मैं आपसे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पेड़ लगाने का भी आग्रह करता हूं।''

## दिशा सालियान मामला: महाराष्ट्र विधानमंडल में हंगामा, आदित्य बोले-आरोपों पर अदालत में जवाब दूंगा

**मुंबई :** महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ भाजपा नीत 'महायुति' गठबंधन के सदस्यों ने बृहस्पतिवार को दिशा सालियान की मौत के मामले को राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों में उठाया, जिसके बाद तीखी नोकझोंक हुई। वहीं, शिवसेना (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि वह उन पर लगाए जा रहे आरोपों का जवाब अदालत में देंगे। 'महायुति' के विधायकों ने बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र विधानसभा में दिशा सालियान की मौत का मुद्दा उठाया और जानना चाहा कि उसके पिता ने जिनके नाम लिए हैं, क्या उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। सालियान के पिता ने मामले में उच्च न्यायालय का रुख किया है। भाजपा विधायक अमीत साटम ने आज विधानसभा में यह मुद्दा उठाया। इससे एक दिन पहले ही सतीश सालियान ने अपनी बेटी की मौत के मामले की नये सिरे से जांच की मांग की थी। साटम ने कहा कि बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व प्रबंधक दिशा सालियान की आठ जून 2020 को मौत हो गई थी या उनकी हत्या की गई थी। उन्होंने कहा, ''पुलिस ने मौत को आत्महत्या करार दिया है और आगे कोई कार्रवाई नहीं की गई। दिसंबर 2022 में एक एसआईटी का गठन किया गया था, लेकिन अभी तक कोई रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है। लेकिन सोशल मीडिया इस बारे में अटकलों से भरा है कि सालियान की मौत के समय क्या कोई पार्टी चल रही थी, क्या उसे मारा गया था।'' साटम ने कहा, ''सालियान के पिता ने मीडिया को बताया है कि उन्हें संदेह है कि उनकी बेटी के साथ सामूहिक बलात्कार के बाद उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने अदालत में एक याचिका दायर की है। पिछली एमवीए (महा विकास आघाडी) सरकार ने मामले को दबा दिया। तत्कालीन महापौर ने उनसे (सतीश सालियान) मुलाकात की, उन्हें गुमराह किया और कुछ न कहने के लिए उन पर दबाव डाला। उन्होंने (सतीश सालियान) कहा है कि पिछले एमवीए शासन के एक मंत्री की (मामले में) संलिप्तता थी।''

# विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन करने का मतलब देशद्रोह की नींव पुख्ता करना है: योगी आदित्यनाथ

**बहराइच :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन करने का मतलब देशद्रोह की नींव पुख्ता करना है और आज का नया स्वतंत्र भारत ऐसे किसी देशद्रोही को स्वीकार करने को कतई तैयार नहीं है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने बहराइच जिले की मिहींपुरवा तहसील के मुख्य भवन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बहराइच जनपद भारत की ऋषि परंपरा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि कहा जाता है कि महर्षि बालार्क का विश्व प्रसिद्ध आश्रम बहराइच में था और उन्हीं बालार्क



ऋषि के नाम पर बहराइच की पहचान थी। उन्होंने कहा कि बहराइच वही ऐतिहासिक भूमि है जहां पर एक विदेशी आक्रांता को धूल धूसरित करते हुए महाराज सुहेलदेव ने भारत की विजय पताका को दिग्दिगंत तक पहुंचाया था। उन्होंने मुस्लिम सूफी संत सैयद सालार मसूद गाजी को 'विदेशी आक्रांता' बताते हुए कहा कि महाराजा सुहेलदेव ने विदेशी आक्रांताओं के साथ जो शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया था, उसी की परिणति थी कि 150 वर्षों तक कोई विदेशी आक्रांता भारत पर हमला करने का दुस्साहस नहीं कर सका था। आदित्यनाथ ने कहा, एक तरफ एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार करने को पूरा देश एकजुट है।

### आक्रांताओं का महिमामंडन करना देशद्रोह है, 'नया' भारत इसे स्वीकार नहीं करेगा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत की विरासत पर हमला करने वाले और देश के लोगों का अपमान करने वाले आक्रांताओं का महिमामंडन करना देशद्रोह के बराबर है। उन्होंने कहा कि 'नया भारत' इसे स्वीकार नहीं कर सकता। मुगल शासक औरंगजेब से जुड़े विवादों के बीच आदित्यनाथ ने बहराइच में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सनातन संस्कृति को रौंदने की कोशिश करने वालों आक्रांताओं का जश्न मनाने के खिलाफ चेतावनी दी।

## संभल में अवैध निर्माण का आरोप लगाते हुए एक मस्जिद और 33 मकानों को जारी हुआ नोटिस

**संभल (उप्र) :** संभल जिले के चंदौसी स्थित वारिस नगर इलाके में नगरपालिका की जमीन पर अवैध निर्माण का आरोप लगाते हुए एक मस्जिद और 33 मकानों को नोटिस भेजा गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि यह कार्रवाई समाधान दिवस पर दर्ज की गई एक शिकायत के बाद की गई है। उन्होंने बताया कि इस शिकायत पर सोमवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मौके का निरीक्षण किया। चंदौसी के तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया, संभल के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने नगर पालिका परिषद की गाटा संख्या 348 की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर मौका मुआयना किया।

## पेटदर्द से परेशान युवक ने यूट्यूब वीडियो देखकर कर डाली खुद की 'सर्जरी'


**मथुरा (उप्र) :** मथुरा जिले के वृन्दावन में लंबे समय से पेटदर्द से परेशान एक युवक ने यूट्यूब वीडियो देखकर घर पर ही अपना 'आपरेशन' कर डाला। बाद में हालत खराब होने पर परिजन ने उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। वृन्दावन स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय के वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉक्टर शशि रंजन ने बताया कि बुधवार को अस्पताल में एक ऐसे युवक को लाया गया था जिसने अक्सर हो रही पेट दर्द की शिकायत से निपटने के लिए बाजार से सर्जिकल ब्लेड, निडिल, स्टिच कॉर्ड आदि उपकरण खरीद कर खुद ही पेट पर चीरा लगाकर 11 टांके लगा लिये। उन्होंने बताया कि हालत बिगड़ने पर उसने अपने परिजन को बताया जो उसे लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि उसकी गंभीर हालत देखते हुए आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है।

## बिहार विधानपरिषद में नीतीश और राबड़ी के बीच फिर हुई नोक-झोंक

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी पूर्ववर्ती राबड़ी देवी पर बृहस्पतिवार को एक बार फिर कटाक्ष करते हुए उन्हें याद दिलाया कि वह उनके पति को इस पद से ''हटाये जाने'' के कारण ही मुख्यमंत्री बन पाई थीं। कुमार ने राज्य विधानपरिषद में एक चर्चा के दौरान हस्तक्षेप करते हुए, चारा घोटाले में सीबीआई द्वारा आरोपपत्र दाखिल किए जाने के बाद 1997 में राजद सुप्रीमो के इस्तीफे का जिक्र किया। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन(राजग) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेतृत्व वाले विपक्षी महागठबंधन के सदस्यों के बीच, राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर सदन में आरोप-प्रत्यारोप देखने को मिला। कुमार ने कहा, ''सरकार अपराध की हर घटना की जांच करवाती है और दोषियों को अदालत के कठघरे में लाती है।'' मुख्यमंत्री ने प्रदेश में राजद के शासन काल की ओर इशारा करते हुए कहा, ''क्या उस समय कुछ किया गया। हिंदू, मुस्लिम का कितना झगड़ा हुआ करता था। लोग केवल अपना प्रचार करने में लगे रहते थे।'' राबड़ी देवी ने अपना विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में वह अपने आठ साल के कार्यकाल की उपलब्धियों के बारे में बोल सकती हैं। वहीं, कुमार ने मगही भाषा में उनपर तंज करते हुए कहा, छोड़ा ना तोहरा कुछ मालूम है।''

## महाराष्ट्र के खुल्दाबाद में औरंगजेब के मकबरे के दो तरफ टिन की चादरें लगाई गईं

**छत्रपति संभाजीनगर :** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग के बीच, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने 18वीं सदी के इस मकबरे के दो तरफ टिन की चादरें लगा दी हैं। जिलाधिकारी दिलीप स्वामी और पुलिस अधीक्षक विनयकुमार राठौड़ ने दो दिन पहले एएसआई अधिकारियों के साथ खुल्दाबाद स्थित मकबरे का दौरा किया था, तभी यह निर्णय लिया गया। स्थानीय अधिकारी ने बताया कि बुधवार रात मकबरे के दो तरफ टिन की चादरें लगा दी गईं और दो तरफ से



बाड़बंदी भी की गई। जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मकबरे के चारों ओर बाड़ लगाई जाएगी। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''मकबरे के दोनों तरफ की हरे रंग की जाली जर्जर हालत में थी और पास में स्थित ख्वाजा सैयद जैनुद्दीन चिश्ती की मजार तक जाने वाले रास्ते से भी यह ढांचा दिखाई पड़ता है। इसलिए, हमने टिन की चादरें लगाई हैं।'' औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के विरोध प्रदर्शन के कारण सोमवार को नागपुर में हिंसा भड़क गई थी। छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म ''छावा'' की रिलीज के बाद से 17वीं सदी का मुगल बादशाह चर्चा में है।

## बिहार: नल के पानी लेकर हुए विवाद में केंद्रीय मंत्री के भांजे की मौत

**भागलपुर (बिहार) :** बिहार के एक गांव में बृहस्पतिवार को नल के पानी को लेकर हुए विवाद में हुई गोलीबारी में केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय के एक भांजे की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना में मृतक की मां और भाई घायल हो गए हैं। नौगछिया पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्रेरणा कुमार ने बताया कि भागलपुर से सटे नौगछिया पुलिस जिले के जगतपुर गांव में नल के पानी को लेकर दो भाइयों विश्वजीत और जयजीत के बीच झगड़ा हो गया। उन्होंने कहा, जब भाइयों के बीच झड़प हुई, तो उनकी मां ने बीच-बचाव करने की कोशिश की। विश्वजीत की मौके पर ही मौत हो गई। जयजीत और उसकी मां को अस्पताल ले जाया गया है। आगे की जांच जारी है।'' यह पूछे जाने पर कि क्या मृतक केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय का भांजा (बहन का बेटा) था तो उन्होंने हां में जवाब देते हुए कहा, हमें (संबंध के बारे में) जानकारी मिली है...... हालांकि, हम इस मामले को उसी तरह से देख रहे हैं, जैसे हम इस तरह की किसी भी घटना को देखते हैं। संबंधित अधिकारियों ने अस्पताल जाकर बयान दर्ज किया है। फोरेंसिक विशेषज्ञ घटनास्थल पर मौजूद हैं। नित्यानंद राय वैशाली जिले से आते हैं।

# सेपक टकरा विश्वकप 2025: राष्ट्रगान गाए जाने की घोषणा के बीच मंच से उतरे नीतीश

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बृहस्पतिवार को पटना में आयोजित सेपक टकरा विश्वकप-2025 के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रगान गए जाने की घोषणा के बीच अचानक मंच से उतर गए और प्रतिभागियों से मिलने के बाद शुरू हुए राष्ट्रगान में शामिल हुए। पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित सेपक टकरा विश्वकप 2025 में 300 खिलाड़ियों और 20 देशों के सहायक कर्मचारी हिस्सा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में अपने अन्य कैबिनेट सहयोगियों और अधिकारियों के साथ शामिल हुए। उनके मंच पर बैठने के बाद बिहार




राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने राष्ट्रगान के लिए सबसे खड़े होने का जैसे ही आग्रह किया, तभी अचानक मुख्यमंत्री अपनी कुर्सी से उठकर मंच के नीचे उतरे और प्रतिभागियों से मिलने लगे। इस अवसर पर 74 वर्षीय कुमार ने प्रतिभागियों को हाथ जोड़कर ''नमस्ते'' किया और हवा में हाथ लहरा कर उनका अभिवादन किया। इस मौके पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था और मुखौटा पहने एक कलाकार ने मुख्यमंत्री से हाथ मिलाने के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाया जिसपर कुमार ने उसे मुखौटा हटाने को कहा और उससे हाथ मिलाने के बजाय हाथ जोड़कर उसका अभिवादन स्वीकार किया। अंत में, कुमार मंच पर लौट आए और राष्ट्रगान गाया गया और इस दौरान मुख्यमंत्री अन्य लोगों के साथ मंच पर खड़े दिखे। सोशल मीडिया पर इस कार्यक्रम का कथित वीडियो प्रसारित हुआ है। वीडियो में राष्ट्रगान गाये जाने के दौरान मुख्यमंत्री मुस्कुराते हुए बगल में खड़े अपने प्रधान सचिव दीपक कुमार के कंधे पर हाथ रखकर उनसे कुछ कहते और फिर हाथ जोड़कर मंच के सामने मौजूद लोगों को प्रणाम करते दिख रहे हैं।

## न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री ने भारतीय नौसेना के विध्वंसक पोत आईएनएस सूरत का दौरा किया

**मुंबई :** न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन और नौसेना प्रमुख रियर एडमिरल गारिन गोल्डिंग ने मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में बृहस्पतिवार को भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी विध्वंसक पोत आईएनएस सूरत का दौरा किया। नौसेना की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, नौसेना की पश्चिमी कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल संजय जे सिंह ने आईएनएस सूरत पर लक्सन और गोल्डिंग का स्वागत किया। इसमें कहा गया कि लक्सन और गोल्डिंग को युद्धपोत की जटिल डिजाइन, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों और जबरदस्त क्षमताओं के बारे में जानकारी दी गई। आईएनएस सूरत एक निर्देशित मिसाइल विध्वंसक पोत है, जिसका डिजाइन नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया



है, जबकि निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स ने किया है। इसे जनवरी 2025 में नौसेना में शामिल किया गया था। लक्सन ने ऐसे समय में आईएनएस सूरत का दौरा किया, जब रॉयल न्यूजीलैंड नौसेना का 'एचएमएनजेडएस ते काहा' जहाज 20 से 24 मार्च तक मुंबई की यात्रा पर है और संयुक्त कार्य बल (सीटीएफ) 150 के कमांडर कमोडोर रॉजर वार्ड नौसेना की पश्चिमी कमान के मुख्यालय का दौरा कर रहे हैं। नौसेना की विज्ञप्ति के अनुसार, ये यात्राएं रॉयल न्यूजीलैंड नौसेना और भारतीय नौसेना के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। विध्वंसक पोत के दौरे के दौरान गोल्डिंग ने वाइस एडमिरल सिंह से मुलाकात की और रणनीतिक नौसैनिक सहयोग पर चर्चा की, जिसके बाद उन्हें कमान की भूमिका के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई।

# ईस्ट बंगाल क्लब, कोलकाता

दीपक (पलटू) दास के 24वें प्रयाण दिवस पर आयोजित

# दीपक ज्योति सम्मान समारोह

कोलकाता के प्रतिष्ठित ईस्ट बंगाल क्लब जिसकी स्थापना 1920 में श्री सुरेश चन्द्र चौधरी द्वारा की गई थी, एक पेशेवर स्पोर्टस क्लब है जो भारतीय फुटबाल के सबसे पुराने और सबसे सफल क्लबों में से एक है।

क्लब द्वारा प्रत्येक वर्ष खेल के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में बंगाल को गर्वित करने वाली विभूतियों को दीपक ज्योति सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

## विगत् वर्षों में क्लब द्वारा सम्मानित व्यक्तित्व

पिछले वर्षों में यह सम्मान कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों को दिया गया है, जिनमें शामिल हैं :

स्व. रतन टाटा
श्री चन्द्रशेखर घोष
डॉ. सुकुमार मुखर्जी
स्व. मिल्खा सिंह
श्री एम एल लोहिया
श्री सत्यम राय चौधरी
श्री लियेंडर पेस
श्री सौरभ गांगुली
श्री कपिल देव
झूलन गोस्वामी

## इस वर्ष सम्मानित होने वाले व्यक्तित्व

उद्योग क्षेत्र में अतुलनीय योगदान हेतु



**श्री मयंक जालान**
सुप्रसिद्ध उद्योगपति
प्रबंध निदेशक केवेन्टर ग्रुप

समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान हेतु



**श्री कमल दुगड़**
सुप्रसिद्ध समाजसेवी
प्रबंध निदेशक बी एम डी ग्रुप

चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु



**डॉ. शिवाजी बासु**
सुप्रसिद्ध चिकित्सक

कानून के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु



**श्री अनिन्द्य मित्रा**
सुप्रसिद्ध कानूनविद एवं
पूर्व एडवोकेट जनरल

नृत्यकला में उल्लेखनीय योगदान हेतु



**श्रीमती ममता शंकर**
सुप्रसिद्ध अभिनेत्री एवं नृत्यांगना

अभिनय कला में अतुलनीय योगदान हेतु



**श्री सब्यसाची चक्रवर्ती**
सुप्रसिद्ध अभिनेता

फुटबाल में उल्लेखनीय योगदान हेतु



**श्री आई.एम. विजयन**
सुप्रसिद्ध फुटबॉलर

## मुख्य अतिथि

**श्रीमती चन्द्रिमा भट्टाचार्य**
वित्त एवं स्वास्थ्य मंत्री
पश्चिम बंगाल सरकार

**श्री अरुप विश्वास**
आवासन, पावर एवं खेल मंत्री
पश्चिम बंगाल सरकार

**शनिवार, दिनांक 22 मार्च 2025**

**समय : 1.00 बजे**

**स्थान : खुदीराम अनुशीलन केंद्र**
**शहीद खुदीराम बोस रोड,**
**नेताजी इंडौर स्टेडियम के पास, कोलकाता-700 021**

**प्रवेश सिर्फ आमंत्रण कार्ड द्वारा**

वर्ष 9, पूर्णांक 4182 अंक 332, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in